# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024



Hyundai
# Super Delight Days

इस दिसंबर पाइए बेहतरीन लाभ Hyundai कार्स पर।

**Hurry! Buy before price hike.**

**Hyundai Motor to hike prices by up to ₹25,000 from Jan. 1**

Hyundai Motor India Ltd. (HMIL) said it would raise prices across models by up to ₹25,000, effective January 1. "The price increase has been necessitated owing to an increase in input costs, adverse exchange rate and increase in logistics costs," the company said.




ऑफर 31 दिसंबर 2024 तक मान्य है।*

Hy-CNG Duo Hyundai EXTER और Grand i10 NIOS में उपलब्ध है। स्पेस भी। माइलेज भी।

**VENUE पर** ₹75 629* तक के फायदे पायें

**EXTER पर** ₹52 972* तक के फायदे पायें

**i20 पर** ₹65 000* तक के फायदे पायें

**Grand i10 NIOS पर** ₹68 000* तक के फायदे पायें

^^₹21 628 की कीमत वाले VENUE एक्सेसरी पैकेज का लाभ मात्र ₹5 999 का भुगतान करके उठाया जा सकता है। ₹17 971 की कीमत वाले EXTER एक्सेसरी पैकेज का लाभ मात्र ₹4 999 का भुगतान करके उठाया जा सकता है। ##डिपॉजिट के वैध प्रमाणपत्र के आधार पर अतिरिक्त स्क्रैपेज बोनस उपलब्ध है। #CSD और KPKB ग्राहकों के लिए विशेष लाभ।

HYUNDAI

Hyundai Click to Buy Scan here | 3 YEARS Unlimited** Kilometer Warranty | UPTO 7 YEARS Extended Warranty^ | 3 YEARS Road Side Assistance (RSA)*** | 5 YEARS Shield of Trust Running Repair Package~ | 5 YEARS Shield of Trust Super Maintenance Package~ | Hy-CNG Duo

**For Information Contact: Toll Free: 1800114645, Raipur:** Mangalam Hyundai, Opp. Reliance Petrol Pump, Dhamtari Road, Devpuri, Mob. 8435001108, 8827596969, 9669801199, 9826908833, **Tilda:** Mob. 8435001220, **Kawardha:** Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 78801 33184. **Bemetara:** Beside Bajaj Showroom, Kobia, Raipur Road Mob. 8435001480. **Raipur:** Shivnath Hyundai, GE Road, Tatibandh Mob. 8269831021, 9981991744, 9685045126, 9285008566. **Telibandha:** 9179040081. **Dhamtari:** 7970002903. **Mahasamund:** 7470777628. **Baloda Bazar:** 7470777629. **Gariyaband:** 7440411843. **Rajnandgaon:** 9755092026. **Raipur:** Shankara Hyundai, Nr. Pandri Thana, Mowa, Vidhan Sabha Road, Mob. 9111000510, 6262700000, 9111000589, 9111000502, 9111000509. **Saraipali:** 6262000501. **Bhatagaon:** Shankara Hyundai Opp. Wallfort City, Ring Road No.1, Raipur. Mob. 9111000504, 9111000512. **Bhilai:** Shivnath Hyundai, Shivnath Commercial Complex, GE Road, Supela, Mob. 0788 6685555, 7049917535, 7049917534, **Durg:** 9981991789, **Rajnandgaon:** 9755092026. **Balod:** Shankara Hyundai Durg Road, Jhalmala Balod Mob. 6262000545. **Kawardha:** Mangalam Hyundai Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 7880118235. **Jagdalpur:** Shivnath Hyundai Semi Urban Industrial Area, Nayamunda Road, Mob. 9981991862, 9685045125, 7440414615. **Kanker:** 7470777559.


my Hyundai app

Hyundai Promise Certified Pre-Owned Car

Scan to chat with us or give a missed call at 9555295868

Terms & Conditions apply. *Scheme is applicable on select variants of Hyundai VENUE, Hyundai EXTER, Hyundai Grand i10 NIOS & Hyundai i20 cars purchased between 1st 31st December 2024. ^^Accessories package will not be applicable for EXTER Knight, VENUE (Knight, Adventure and Diesel variants). Payment for accessory package needs to be made to the dealer. Accessory packages need to be purchased as a whole, and if accessories parts are purchased independently, then offer will not be applicable. Cash discount can't be availed against this offer. Benefits mentioned include applicable cash, exchange and accessories package benefits. Benefits may vary with variants. **3-year warranty or upto 100 000 km whichever is earlier for Grand i10 NIOS, AURA, i20 & i20 N Line. 3-year unlimited km warranty is applicable for EXTER, VENUE, VENUE N Line, CRETA, CRETA N Line, ALCAZAR, TUCSON, VERNA and IONIQ 5. ^Upto 7 Years extended warranty is now available for all variants (Petrol/Diesel/CNG) except EV cars and subject to payment. ***3 years Roadside Assistance (with taxi support & introduction of 10th year retail program). ~For detailed T&C of Shield of Trust & Super, kindly visit Hyundai India website. This advertisement and car shown here is for creative representation purposes only and the depictions are for illustrative purposes. Features and specifications shown may vary or may not be a part of standard fitment and are subject to change without prior notice. Hyundai Motor India reserves the right to change specifications, colour, equipment and schemes at any time without prior notice. The black shade on glasses are due to lighting effect. Size and colour may appear to vary due to lighting and position effect. Extended Warranty and Shield of Trust packages are on payable basis. For more details on warranty, please refer owners' manual. ##Scrappage bonus is applicable on select models subject to receipt of valid Certificate of Deposit issued by Govt. approved & operational vehicle scrappage center. #CSD: Canteen Stores Department, KPKB: Kendriya Police Kalyan Bhandar. Price hike newspaper clip source: The Hindu, December 6, 2024.

MAHESHWARI



(स्मृति-शेष)

# सादगी से भरे नेता, जिन्होंने बदल दी भारत की दिशा

*भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और मशहूर अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह अब हमारे बीच नहीं हैं। डॉ. सिंह का नाम भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था में ऐसे शख्स के तौर पर दर्ज है, जिसने अपने काम से देश को नई पहचान दिलाई। डॉ. सिंह को न केवल उनके विजन के लिए जाना जाता है, जिसने भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाया, बल्कि उनकी कड़ी मेहनत और उनके विनम्र, मृदुभाषी व्यवहार के लिए भी जाना जाता है। वह एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें न केवल उन छलांगों और सीमाओं के लिए याद किया जाएगा, जिनसे उन्होंने भारत को आगे बढ़ाया, बल्कि एक विचारशील और ईमानदार व्यक्ति के रूप में भी वे याद रहेंगे...*

नई दिल्ली। मनमोहन हमेशा अपने शांत स्वभाव और सादगी के लिए जाने गए। वो ना तो भाषणों में जोश दिखाते थे और ना ही किसी विवाद में पड़ते थे। उनका काम ही उनकी पहचान था। मनमोहन सिंह ने भारत को आर्थिक संकट से उबारा और देश को दुनिया में नई पहचान दिलाई। उन्होंने साबित किया कि बिना शोर मचाए भी बड़े बदलाव किए जा सकते हैं। उनके निधन के साथ भारत ने एक ऐसा नेता खो दिया है, जिसने सादगी, ईमानदारी और कर्मठता से देश की सेवा की।

## पहले सिख प्रधानमंत्री

मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री थे। वह जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी के बाद चौथे सबसे लंबे समय तक पीएम पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री थे। मनमोहन सिंह भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री भी थे।

## पंजाब से ब्रिटेन तक का सफर

डॉ. सिंह ने 1948 में पंजाब यूनिवर्सिटी से अपनी मैट्रिक की शिक्षा पूरी की थी। पंजाब से वह ब्रिटेन की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी तक पहुंचे, जहां उन्होंने 1957 में अर्थशास्त्र में फर्स्ट क्लास ऑनर्स की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने 1962 में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के नफ़ील्ड कॉलेज से अर्थशास्त्र में डी.फिल की उपाधि हासिल की। मनमोहन सिंह ने पंजाब यूनिवर्सिटी और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में पढ़ाया भी है।

## कई सरकारी पदों पर किया काम

1971 में मनमोहन सिंह भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार के रूप में शामिल हुए। इसके तुरंत बाद 1972 में वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में उनकी नियुक्ति हुई। वह जिन कई सरकारी पदों पर रहे उनमें वित्त मंत्रालय में सचिव, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी शामिल है। मनमोहन सिंह 1991 से 1996 के बीच भारत के वित्तमंत्री भी रहे. आर्थिक सुधारों की एक व्यापक नीति शुरू करने में उनकी भूमिका को दुनिया भर में आज भी सराहा जाता है।



## 1991 में पहली बार पहुंचे राज्यसभा

मनमोहन सिंह पहली बार 1991 में राज्य सभा के लिए चुने गए थे। उन्होंने उच्च सदन में पांच बार असम और 2019 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। 1998 से 2004 तक, जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता में थी, मनमोहन सिंह राज्य सभा में विपक्ष के नेता थे। 1999 में, उन्होंने दक्षिणी दिल्ली से लोकसभा का चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें जीत नहीं मिली। डॉ. मनमोहन सिंह ने 2004 के आम चुनावों के बाद 22 मई को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली और 22 मई 2009 को दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ ली थी। वह 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे।

## प्रधानमंत्री रहते कभी नहीं ली छुट्टी

मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। इन 10 सालों में उन्होंने कभी छुट्टी नहीं ली, सिवाय 2009 में जब उन्हें हार्ट की बाईपास सर्जरी करानी पड़ी। वो हर दिन 18 घंटे काम करते थे और करीब 300 फाइलें निपटाते थे। लेकिन उनके शांत स्वभाव की वजह से लोग उन्हें कमजोर नेता मानने लगे।


## विवाद और चुनौतियां

डॉ. सिंह के कार्यकाल में कई विवाद भी हुए। 2जी स्पेक्ट्रम, कोलगेट और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे घोटाले उनकी छवि पर धब्बा बने। हालांकि, इन घोटालों की जांच में आज तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला। 2008 में उनकी सरकार पर संकट आया जब वामपंथी दलों ने समर्थन वापस ले लिया। लेकिन मुलायम सिंह और मायावती के समर्थन से उनकी सरकार बच गई।

## इतिहास मेरे साथ इंसाफ करेगा

जब 2014 में उन्होंने साफ कर दिया कि वो तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे, तब उन्होंने कहा था, 'इतिहास मेरे साथ समकालीन मीडिया और विपक्ष से ज्यादा इंसाफ करेगा।'

## प्रणब चाहते थे मनमोहन को मिले भारत रत्न




एक समय ऐसा भी था, जब मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने की चर्चा जोरों पर थी। हालांकि, इसकी संभावनाएं सिर्फ चर्चाओं तक ही सीमित होकर रह गईं। इस बीच 2023 में प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपनी किताब प्रणब माई फादर, अ डॉटर रिमेंबर में इससे जुड़ा एक बड़ा दावा किया था। शर्मिष्ठा के मुताबिक, प्रणब राष्ट्रपति रहते हुए मनमोहन सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करना चाहते थे। शर्मिष्ठा ने किताब में लिखा है कि 30 अक्तूबर 2013 को उनके पिता ने इससे जुड़ी बातें अपनी डायरी में लिखीं। उन्होंने तत्कालीन कैबिनेट सचिव को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के प्रधान सचिव पुलक चटर्जी से बात करने के लिए कहा था। प्रणब ने कहा था कि कैबिनेट सचिव को पुलक को संदेश देना चाहिए कि वह इस संबंध में तब यूपीए की अध्यक्ष रहीं सोनिया गांधी से बात करें। किताब में शर्मिष्ठा ने बताया कि मनमोहन सिंह को भारत रत्न देने की इस मांग के बारे में प्रणब मुखर्जी की किताब में आगे कोई जिक्र नहीं मिलता। ऐसे में यह साफ नहीं है कि पुलक चटर्जी ने यह बात सोनिया गांधी से की भी या नहीं। शर्मिष्ठा का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि डॉ. मनमोहन सिंह को देश का सर्वोच्च सम्मान देने की इस मांग पर आगे क्या हुआ।

### मतभेदों के बावजूद प्रशंसक थे प्रणब

इतना ही नहीं, शर्मिष्ठा का कहना है कि कुछ आपसी मतभेदों के बावजूद प्रणब मुखर्जी हमेशा से मनमोहन सिंह के प्रशंसक रहे। प्रणब 1991 से 1996 के बीच वित्त मंत्री के तौर पर देश में किए गए आर्थिक सुधारों और 2008 की आर्थिक मंदी के दौरान प्रधानमंत्री के तौर पर भारत की अर्थव्यवस्था को संभालने का श्रेय मनमोहन सिंह को ही देते थे।

## सिर्फ दो हफ्ते का था रिजर्व, फिर कर दिया कमाल

# मनमोहन न होते तो डूब जाती भारतीय अर्थव्यवस्था!



देश के लिए डॉक्टर मनमोहन सिंह का सबसे बड़ा योगदान वित्त मंत्री के रूप में आर्थिक सुधारों की शुरुआत करना है। वर्ष 1991 में भारत का अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संतुलन निराशाजनक घाटे में था। 1991 में इसका विदेशी कर्ज 35 बिलियन डॉलर से दोगुना होकर 69 बिलियन डॉलर हो गया था। भारत के पास पैसा और समय दोनों बहुत कम थे। तब हमारे चालू खाते के घाटे से निपटने के लिए एक आपातकालीन उपाय के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने चालू खाते के घाटे को कम करने के लिए लगभग 400 मिलियन डॉलर जुटाने के लिए बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास अपनी सोने की हिस्सेदारी गिरवी रख दी।इसके बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधारों की एक श्रृंखला डॉक्टर सिंह ने शुरू की जिसे उन्होंने 'मानवीय चेहरे के साथ सुधार' कहा। औद्योगिक नीति, 1991 की शुरुआत के साथ लाइसेंस राज को खत्म करने की प्रस्तावना लिखी गई। इस संकट से उबरने के लिए मनमोहन सिंह ने इस बजट में भारतीय बाजार को विदेशी कंपनियों के लिए खोल दिए। इस कदम से सरकार को चंद महीनों में ही पहली सफलता मिली, जब दिसंबर 1991 में भारत सरकार विदेशों में गिरवी रखा सोना छुड़वा कर आरबीआई को सौंपने में कामयाब रही। देश में ग्लोबलाइजेशन की शुरुआत 1991 में सिंह ने ही की थी। उन्होंने भारत को दुनिया के बाजार के लिए तो खोला ही, बल्कि निर्यात और आयात के नियमों को भी सरल बनाया। डॉक्टर मनमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था में बड़े पैमाने पर आर्थिक सुधारों की कवायद की और उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की ओवरहॉलिंग में महत्वपूर्ण योगदान दिया है इससे कोई इंकार नहीं कर सकता।

## यह है योगदान

# आधार, मनरेगा और आरटीआई में अहम रोल

डॉ. मनमोहन सिंह के नाम कई उपलब्धियां हैं। आर्थिक उदारीकरण में उनका विशेष योगदान रहा। डॉ. मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री के रूप में कार्य करते हुए साल 1991 में शुरू किए गए आर्थिक उदारीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसमें सरकारी नियंत्रण को कम करना, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को बढ़ाना और स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स को लागू करना शामिल था, जिसने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया था।

### आधार की सुविधा

आधार परियोजना निवासियों को विशिष्ट पहचान प्रदान करने, विभिन्न सेवाओं तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू की गई थी।

### राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा)

2005 में शुरू किए गए इस अधिनियम ने प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिन के वेतन रोजगार की गारंटी दी, जिससे लाखों लोगों की आजीविका में उल्लेखनीय सुधार हुआ और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में वृद्धि हुई।



### सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई)

2005 में पारित आरटीआई ने नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकरणों से जानकारी मांगने का अधिकार दिया, जिससे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिला।

### प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण

डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) सिस्टम को लागू किया, जिसने कल्याण वितरण को सुव्यवस्थित किया और कई खामियों को दूर किया।


### कृषि ऋण माफी (2008)

कृषि संकट को दूर करने के लिए 60,000 करोड़ रुपए के ऋण माफी के माध्यम से किसानों को राहत प्रदान की।

### भारत-अमेरिका परमाणु सौदा

मनमोहन सिंह की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते पर बातचीत थी। इस समझौते के तहत, भारत को परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) से छूट मिली। इसके तहत भारत को अपने नागरिक और सैन्य परमाणु कार्यक्रमों को अलग करने की अनुमति मिली। इस डील के तहत भारत को उन देशों से यूरेनियम आयात करने की अनुमति मिली, जिनके पास यह तकनीक है।

## देश-विदेशों में मिले कई सम्मान



अपने सार्वजनिक करियर में डॉ. मनमोहन सिंह को दिए गए कई पुरस्कारों और सम्मानों में से सबसे प्रमुख भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण (1987) था। इसके अलावा उन्हें भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार (1995), एशिया मनी अवार्ड (1993 और 1994), यूरो मनी अवार्ड (1993), कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय (1956) का एडम स्मिथ पुरस्कार, कैम्ब्रिज के सेंट जॉन्स कॉलेज में विशिष्ट प्रदर्शन के लिए राइट पुरस्कार (1955) भी मिला था। उन्हें जापानी निहोन किजई शिम्बुन एवं अन्य देशों द्वारा सम्मानित किया गया था। डॉ. मनमोहन सिंह को कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड तथा अन्य कई विश्वविद्यालयों द्वारा मानद उपाधियां भी प्रदान की गई थीं।



---

# क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 फीसदी से अधिक ब्याज वसूल सकते हैं बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ सुप्रीम कोर्ट ने उपभोक्ता आयोग के 16 साल पुराने फैसले को किया खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के 16 साल पुराने एक फैसले को खारिज कर दिया है, जिसके बाद बैंक ग्राहकों से क्रेडिट कार्ड बकाया पर 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज वसूल सकते हैं। एनसीडीआरसी ने अपने फैसले में कहा था कि क्रेडिट कार्ड बकाये पर ग्राहकों से अत्यधिक ब्याज दर वसूलना अनुचित व्यापार व्यवहार है। यह फैसला सिटीबैंक, अमेरिकन एक्सप्रेस, एचएसबीसी और स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक द्वारा एनसीडीआरसी के सात जुलाई, 2008 के आदेश के खिलाफ दायर अपीलों पर आया है। आयोग ने कहा था कि क्रेडिट कार्ड बकाये पर 36 प्रतिशत से 49 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की ब्याज दरें बहुत अधिक हैं और उधारकर्ताओं के शोषण की तरह हैं।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि एनसीडीआरसी की यह टिप्पणी 'अवैध' है। भारतीय रिजर्व बैंक की शक्तियों के स्पष्ट, सुस्पष्ट प्रत्यायोजन में हस्तक्षेप है। न्यायालय ने कहा कि आयोग का 30 प्रतिशत से अधिक ब्याज दर न लेने के बारे में दिया गया निर्णय बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के विधायी उद्देश्य के विपरीत है।

### आरबीआई की दलीलों पर जताई सहमति

*पीठ ने कहा, हम भारतीय रिजर्व बैंक की इन दलीलों से सहमत हैं कि वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में किसी भी बैंक के विरुद्ध कार्रवाई करने का आरबीआई को निर्देश देने का सवाल ही नहीं पैदा होता है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि बैंकिंग विनियमन अधिनियम के प्रावधानों और उसके तहत जारी परिपत्रों/ निर्देशों के उलट समूचे बैंकिंग क्षेत्र या किसी एक बैंक को ब्याज दर पर सीमा लगाने का रिजर्व बैंक को निर्देश देने का सवाल नहीं उठता है।*

## मशहूर आरजे सिमरन सिंह ने फांसी लगाकर दी जान

**गुरुग्राम।** दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम में जम्मू-कश्मीर की मशहूर आरजे सिमरन सिंह ने फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली है। पुलिस को उनका शव उनके गुरुग्राम सेक्टर 47 वाले फ्लैट में मिला है। वे एक फ्रीलांस रेडियो जॉकी थीं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग सात लाख फॉलोअर्स थे। उनका शव उनके परिवार को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक


अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




जन्म 26 सितंबर 1932
निधन 26 दिसंबर 2024

# आर्थिक सुधारों के प्रणेता डॉ. मनमोहन नहीं रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक सुधारों के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का गुरुवार रात यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। एम्स दिल्ली ने सिंह के निधन की घोषणा की। उन्हें गंभीर हालत में रात करीब साढ़े आठ बजे आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया था। केंद्र सरकार ने 7 दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। साथ ही कल के सभी कार्यक्रम कैंसिल कर दिए गए हैं। डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 2 पर

- देश में रहेगा 7 दिन का राष्ट्रीय शोक, आज सभी कार्यक्रम रद्द
- सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, भाजपा अध्यक्ष नड्डा पहुंचे एम्स
- कांग्रेस के सभी आधिकारिक कार्यक्रम रद्द, पार्टी का झंडा झुका रहेगा

## महानायक की जीवन यात्रा

डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत (अब पाकिस्तान में) के गाह गांव में हुआ था। विभाजन के बाद उनका परिवार भारत आ गया। बचपन से ही वे मेधावी छात्र रहे। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की और आगे की पढ़ाई के लिए कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गए। डॉ. सिंह ने 1950 के दशक में अपने करियर की शुरुआत आर्थिक मामलों में शोधकर्ता के रूप में की। उन्हें 1971 में आर्थिक सलाहकार युिक्त किया गया।

## पांच बड़ी उपलब्धियां

- भारत में आर्थिक उदारीकरण का सूत्रपात
- सूचना प्रौद्योगिकी और टेलीकॉम क्षेत्र में क्रांति
- ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम
- परमाणु समझौता और ऊर्जा क्षेत्र में सुधार
- शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार

## प्रधानमंत्री के रूप में

डॉ. मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक दो कार्यकालों के लिए भारत के प्रधानमंत्री रहे। वे पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे, जो लोकसभा चुनाव नहीं जीते थे और राज्यसभा सदस्य रहते हुए इस पद पर आसीन हुए। उनके कार्यकाल में आर्थिक विकास और सामाजिक योजनाओं पर विशेष जोर दिया गया।

## निजी जीवन

डॉ. मनमोहन सिंह एक सादगीपूर्ण जीवन जीने वाले नेता थे। उनकी पत्नी गुरशरण कौर और तीन बेटियां हैं। वे साहित्य, संगीत और अध्यात्म में गहरी रुचि रखते थे। डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर सुनते ही पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई।

## उदारीकरण के जनक

1991 में, भारत जब गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था, उस समय डॉ. मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री नियुक्त किया गया। उन्होंने ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों की शुरुआत की, जिसने भारत को आर्थिक उदारीकरण की राह पर आगे बढ़ाया। उनके नेतृत्व में अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में विदेशी निवेश के दरवाजे खुले और आर्थिक विकास को गति मिली।

## दुष्कर्म पीड़िता को दी गर्भपात की इजाजत

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने गुरुवार को एक मामले में सुनवाई करते हुए बिलासपुर की दुष्कर्म पीड़िता युवती को गर्भपात कराने की अनुमति दे दी है। इस मामले में शासन की तरफ से महज एक पेज का साधारण



मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने पर जस्टिस रवीन्द्र अग्रवाल की कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए मेडिकल बोर्ड को तलब कर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। मेडिकल बोर्ड की विस्तृत रिपोर्ट के बाद ही कोर्ट ने यह आदेश जारी किया है। दुष्कर्म पीड़िता युवती की ओर से गर्भपात की अनुमति के संबंध में लगाई गई याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई, जिसमें कलेक्टर की तरफ से मेडिकल बोर्ड ने केवल एक पेज का ओपीडी पर्ची में रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें यह बात सामने आया कि युवती का गर्भपात किया जा सकता है। इस पर जस्टिस रवीन्द्र अग्रवाल ने मेडिकल बोर्ड को हाईकोर्ट में तलब किया और नाराजगी जताई।

### 50 लाख के इनामी नक्सली लीडर के स्मारक को फोर्स ने तुड़वाया

# नक्सलियों ही नहीं, उनकी यादें भी जमींदोज

# सबसे बड़ा स्मारक तोड़ा, अब तक 300 ध्वस्त

*केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक नक्सलवाद के सफाए के एलान के बाद बस्तर में तैनात फोर्स एक्शन मोड में है। एक तरफ नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर किया जा रहा है और दूसरी ओर नक्सलियों के आधार इलाकों में नए पुलिस कैम्प खोलकर नक्सलियों द्वारा मारे गए साथियों की याद में बनाए गए नक्सल स्मारकों को भी जमींदोज किया जा रहा है। चार दिन पहले ही बड़े नक्सल नेता के 90 फीट ऊंचे स्मारक को ध्वस्त किया गया। बीते कुछ वर्षों की बात करें तो बस्तर संभाग के अलग अलग जिलों में बनाए गए 300 से ज्यादा स्मारकों को तोड़ा जा चुका है।*

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि खबर

नक्सलियों द्वारा विशेष अवसरों पर अपने साथियों की याद में अपने आधार क्षेत्र के गांवों व जंगलों में स्मारक बनाया जाता रहा है। अब फोर्स उनके आधार इलाकों में घुसकर एक ओर जहां मुठभेड़ में नक्सलियों को मार रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनकी यादों को भी समाप्त कर रहे हैं। आकंड़ों की बात करें तो बीते कुछ वर्षों में 300 से अधिक छोटे ▶▶|शेष पेज 2 पर







### वर्ष में छह बार दिखाते हैं ताकत

नक्सल संगठन द्वारा वर्ष में छह बार विभिन्न आयोजनों के दौरान स्मारक तैयार किया जाता है और इलाके के लोगों को अपनी ताकत दिखाते हैं। नक्सल कैलेंडर के मुताबिक 22 अप्रेल को नक्सली लेनिन जन्मदिवस मनाते हैं। इसके बाद 5 से 11 जून तक ▶▶|शेष पेज 2 पर

### सबसे बड़े स्मारक को ब्लास्ट कर किया गया जमींदोज

नक्सली संगठन में शामिल बड़े कैडर के लिए बड़ा व छोटे कैडर के नक्सलियों की याद में छोटे स्मारक तैयार किया जाता है। चार दिन पूर्व भी नक्सलियों द्वारा बनाए गए सबसे बड़े स्मारक को ब्लॉस्ट कर जमींदोज किया गया। जानकारी के मुताबिक लगभग दो वर्ष पूर्व नक्सलियों ने 3 अगस्त 2021 को यहां 90 फीट उचां स्मारक व स्थायी मंच का निर्माण कराया था। यह ▶▶|शेष पेज 2 पर


साद़गी से भरे नेता, जिन्होंने बदल दी भारत की दिशा

भीतर भी देखें

## आर्थिक नीति पर गहरी छाप छोड़ी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह भारत के सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक थे और उन्होंने देश की आर्थिक नीति पर गहरी छाप छोड़ी। साधारण परिवार से उठकर वह एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने।

## अर्थशास्त्र के दिग्गज



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि मनमोहन सिंह अर्थशास्त्र के उन दिग्गजों में से एक थे, जो देश के वित्त मंत्री, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर और योजना आयोग के प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे।

## मैंने अपना मार्गदर्शक खो दिया



सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, मनमोहन जी ने असीम बुद्धिमत्ता और निष्ठा के साथ भारत का नेतृत्व किया। उनकी विनम्रता और अर्थशास्त्र की गहरी समझ ने देश को प्रेरित किया। मैंने एक गुरु और मार्गदर्शक खो दिया है।

# आज आएंगे भागवत, संगठन के कार्यक्रमों में ही होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शुक्रवार शाम को रायपुर पहुंच रहे हैं। वे यहां 31 दिसंबर तक रहेंगे। पांच दिनों तक का उनका कार्यक्रम पूरी तरह से संगठन को लेकर है। आरएसएस के पदाधिकारियों का कहना है, उनका कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं है। वे ज्यादातर समय आरएसएस के कार्यालय जागृति मंडल में रहेंगे। इस दौरान वे अलग-अलग सत्र में कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संगठन ▶▶|शेष पेज 2 पर



### ये हैं पंच परिवर्तन

संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के लिए काम करेगा जिसकी चर्चा मोहन भागवत राज्यों के दौरे पर कर रहे हैं। पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य के साथ ही महर्षि दयानंद सरस्वती, भगवान बिरसा मुंडा, अहिल्यादेवी होलकर, रानी दुर्गावती और अनुकूल चंद ठाकुर के सत्संग अभियानों पर भी चर्चा होगी।




## मप्र सरकार 15 बाघों को भेजेगी छग, राजस्थान

**भोपाल।** मप्र के सीएम मोहन यादव ने मध्यप्रदेश से 15 बाघों को राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिशा भेजने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार से अनुमति लेने के बाद 12 बाघिन और तीन बाघों को तीन राज्यों को सौंप दिया जाएगा। छह बाघिन और दो बाघों को छत्तीसगढ़ में भेजा जाएगा। राजस्थान को चार बाघिन दी जाएंगी। एक बाघ और दो बाघिनों को ओडिशा भेजा जाएगा।

## कोहली पर मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना

**मेलबर्न।** विराट कोहली और टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सैम



कोंस्टास के बीच चौथे टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को मैदान पर झड़प हो गई जिसके लिए भारतीय क्रिकेटर पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके खाते में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया।

## राष्ट्रीय प्रतीकों के गलत इस्तेमाल पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार जल्द ही राष्ट्रीय प्रतीकों के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए भारी जुर्माने समेत जेल की सजा का प्रावधान करने जा रही है। प्रस्ताव है कि प्रधानमंत्री-राष्ट्रपति के नाम, फोटो और राष्ट्रीय प्रतीकों के दुरुपयोग करने के कानून में सजा को बढ़ाकर 5 लाख रुपए के जुर्माने और जेल कर दिया जाए। वहीं, दो अलग-अलग मंत्रालयों के इससे जुड़े दो कानूनों को मिलाकर एक ही मंत्रालय के अधीन एक कड़ा कानून बनाने पर भी विचार किया जा रहा है।



## चिंतन

# चीन में ब्रह्मपुत्र पर बांध से भारत की बढ़ेगी दिक्कत

सीमा से इतर चीन एक और विवाद को जन्म दे रहा है। चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बना कर जल को नियंत्रित करने का मंसूबा बना रहा है। चीन ने भारतीय सीमा के नजदीक तिब्बत में यारलुंग जांग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम) पर दुनिया के सबसे बड़े बांध के निर्माण को मंजूरी दी है, जिससे भारत और बांग्लादेश की चिंता बढ़ना लाजिमी है। यह बांध परियोजना दुनिया की सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना होगी, जिस पर 137 अरब अमेरिकी डॉलर की लागत आएगी। यह बांध हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा, जहां ब्रह्मपुत्र नदी एक विशाल 'यू-टर्न' लेकर अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश में बहती है। विश्व की छठी बड़ी नदी ब्रह्मपुत्र भौगोलिक रूप से कठिन परिस्थितिकी तंत्र वाली नदी है, जिसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ इस क्षेत्र के लिए विनाशकारी साबित हो सकती है। चीन भीषण जल संकट से भी गुजर रहा है, तिब्बत क्षेत्र में जलापूर्ति के लक्ष्य के साथ चीन ब्रह्मपुत्र नदी पर पनबिजली प्रोजेक्ट बना रहा है। भारत व बांग्लादेश को इसका विरोध करना चाहिए और जलसंधि का पालन होना चाहिए। ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन के बड़े बांध को लेकर भारत की असल चिंता इसके जलप्रवाह को रोकने और शत्रुता के समय सीमावर्ती क्षेत्र में भारी मात्रा में पानी छोड़ने की स्थिति को लेकर है। यूं तो भारत भी अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र पर बांध बना रहा है, पर यह जल नियंत्रण के लिए नहीं है, बल्कि नदी के खतरे को कम करने के लिए है। भारत व चीन के बीच एलएसी की तरह ब्रह्मपुत्र नदी विवाद भी नासूर की तरह है। भारत और चीन ने सीमा पार नदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 2006 में एक विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र (ईएलएम) की स्थापना की थी, जिसके तहत चीन बाढ़ के मौसम के दौरान भारत को ब्रह्मपुत्र नदी और सतलुज नदी पर जल विज्ञान संबंधी जानकारी प्रदान करता है। भारत, चीन के सीमा मुद्दों पर विशेष प्रतिनिधियों राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच 18 दिसंबर को यहां हुई वार्ता में सीमा पार की नदियों के बारे में डेटा साझा करने का मुद्दा उठा था। ब्रह्मपुत्र बांध में इंजीनियरिंग की बहुत बड़ी चुनौतियां हैं, क्योंकि परियोजना स्थल टेक्टोनिक प्लेट क्षेत्र से लगा हुआ है, जहां भूकंप आते हैं। पर चीन ने भूकंप के बारे में चिंताओं को दरकिनार कर ब्रह्मपुत्र बांध जलविद्युत परियोजना को स्वीकृति दी है, जो संकटकारी मूव है। कैलाश पर्वत के पास एंगसी ग्लेशियर से निकलती और पूर्व में हिमालय से घिरी ब्रह्मपुत्र नदी 3,969 किलोमीटर लंबी है। इस नदी पर चीन की पनबिजली प्रोजेक्ट इस नदी को एक मौसमी नदी में बदल देगी, जिसका परिणाम भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में सूखे के रूप में सामने आ सकता है। एक खतरा यह भी है कि बांधों के निर्माण के पश्चात जब चीन मानसून में बाढ़ का पानी छोड़ेगा तो इससे ब्रह्मपुत्र नदी के जल प्रवाह में वृद्धि होगी, इससे भारतीय क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित होगा। नदियों के आस-पास जल संबंधी परियोजनाओं के चलते चीन ने अपनी नदियों को काफी प्रदूषित किया है और इसके कारण चीन से भारत की ओर प्रवाहित होने वाली नदियों के जल की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। चीन के इस कदम से ब्रह्मपुत्र नदी के पानी पर निर्भर असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य में भी पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। कोई भी विकास मानव के विनाश का मार्ग नहीं बना सकता है। चीन को बृहत मानवीय हित में फैसला लेना चाहिए।



उम्मीद

अरविंद जयतिलक

# केन-बेतवा परियोजना से संवरेगा बुंदेलखंड

> इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुभारंभ से बुंदेलखंड में विकास और प्रगति का एक नया सूर्योदय होना तय है। दशकों से पेयजल और सिंचाई संकट का सामना कर रहे बुंदेलखंडवासियों के लिए यह परियोजना किसी वरदान से कम नहीं है। ऐसा इसलिए कि इस परियोजना से कृषि उत्पादन बढ़ेगा और लोगों की आय में वृद्धि होगी। कृषि पर आधारित उद्योग-धंधे विकसित होंगे और अर्थव्यवस्था का पहिया नाच उठेगा। आय बढ़ने से समृद्धि का नया द्वार खुलेगा। गौर करें तो इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त बुंदेलखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मध्यप्रदेश की केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में हस्तांतरित करना है।

यह सुखद है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के खजुराहो में केन-बेतवा लिंक परियोजना का शुभारंभ कर दिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुभारंभ से बुंदेलखंड में विकास और प्रगति का एक नया सूर्योदय होना तय है। दशकों से पेयजल और सिंचाई संकट का सामना कर रहे बुंदेलखंडवासियों के लिए यह परियोजना किसी वरदान से कम नहीं है। ऐसा इसलिए कि इस परियोजना से कृषि उत्पादन बढ़ेगा और लोगों की आय में वृद्धि होगी। कृषि पर आधारित उद्योग-धंधे विकसित होंगे और अर्थव्यवस्था का पहिया नाच उठेगा। आय बढ़ने से समृद्धि का नया द्वार खुलेगा। गौर करें तो इस परियोजना से उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के साथ-साथ मध्यप्रदेश राज्य के पन्ना, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, दतिया, विदिशा, शिवपुरी तथा उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी व ललितपुर जिले जलसंकट से मुक्त होंगे। उल्लेखनीय है कि इस परियोजना को आकार देने के लिए वर्ष 2021 में मध्यप्रदेश व उत्तर प्रदेश की सरकार ने विश्व जल दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया था।

इस समझौते के तहत इस परियोजना पर तकरीबन 44,605 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। इसका 90 फीसद खर्च भार केंद्र सरकार द्वारा उठाया जाना सुनिश्चित हुआ जबकि उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश दोनों सरकारें दस फीसदी यानी पांच-पांच फीसदी खर्च करेंगे। तब केंद्र सरकार ने इस योजना को पूरा करने के लिए आठ साल का समय सुनिश्चित किया। गौर करें तो इस परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त बुंदेलखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मध्यप्रदेश की केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में हस्तांतरित करना है। उल्लेखनीय है कि केन नदी मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की एक प्रमुख नदी है जिसकी कुल लंबाई 470 किमी है। यह नदी मध्यप्रदेश के कटनी जिले से निकलकर उत्तर प्रदेश में यमुना नदी में मिलती है। केन नदी 292 किमी मध्यप्रदेश में बहती है। लेकिन उसके जल का उपयोग मध्यप्रदेश नहीं कर पाता है। अब केन-बेतवा परियोजना के तहत दौधन के पास एक बैराज बनाकर केन नदी के जल को रोका जाएगा। दौधन बांध से तकरीबन 221 किमी लंबी एक लिंक नहर का निर्माण कर केन बेसिन के 1074 मिलियन क्यूसेक मीटर अधिशेष जल को बेतवा बेसिन में पहुंचाया जाएगा। बेतवा नदी की भौगोलिक स्थिति पर दृष्टि डालें तो यह मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों में बहती है। इसे यमुना नदी की उपनदी भी कहा जाता है। यह मध्यप्रदेश के रायसेन जिले से निकलकर भोपाल, विदिशा, झांसी, ललितपुर जिलों से गुजरती हुई तकरीबन 480 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए यमुना नदी में मिलती है। अगर यह परियोजना जमीन पर उतरती है तो जल संकट की मार झेल रहे बुंदेलखंड के लोगों की प्यास बुझेगी तथा कृषि योग्य भूमि लहलहाएगी। देखें तो इस परियोजना से उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश की तकरीबन 1062 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। उत्तर प्रदेश के इन चार जिलों में रहने वाले तकरीबन 65 लाख लोगों की प्यास भी बुझेगी। झांसी को 14.66 एमसीएम, ललितपुर को 31.98 एमसीएम तथा महोबा को 20.13




एमसीएम पेयजल मिलेगा। इस परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश में दो बैराज भी बनने हैं जिससे 103 मेगावाट जल ऊर्जा और 27 मेगावाट सौर उर्जा का उत्पादन किया जा सकेगा। गौरतलब है कि केन-बेतवा परियोजना की पहली रूपरेखा 2002 में तैयार की गयी थी। वर्ष 2005 में उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के बीच पानी बंटवारे का समझौता हुआ लेकिन यह परियोजना बर्फखाने में चली गई। 2006 में पहली बार परियोजना के सर्वे के लिए जल विकास अधिकरण का गठन हुआ लेकिन फिर भी परियोजना परवान नहीं चढ़ी। 2019 में दोनों राज्यों में पुनः जलसमझौते को आकार देने की कोशिश हुई लेकिन बात नहीं बनी। उसका कारण यह था कि मध्यप्रदेश पूरे साल का पानी एक साथ उत्तर प्रदेश को देने की बात कर रहा था जबकि उत्तर प्रदेश फसली सीजन के मुताबिक पानी मांग रहा था। अब चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परियोजना के लिए हरी झंडी दिखा दी है जिससे बुंदेलखंड की तस्वीर बदलनी तय है।

ध्यान दें तो बुंदेलखंड में पानी की कमी का मुख्य कारण नदी-नीति की विफलता ही रहा है। इस कारण आज तक चंबल, सिंध पहुज, बेतवा, केन, धसान, पयस्वनी इत्यादि उद्गम स्त्रोत होते हुए भी समूचा विंध्य क्षेत्र जलविहिन है। अगर इन नदियों के जल का संचय और सदुपयोग किया गया होता तो बुंदेलखंड में जल की कमी नहीं होती। लेकिन सच्चाई यह है कि बुंदेलखंड में पानी की समस्या दूर करने के लिए जितनी भी योजनाएं गढ़ी-बुनी गई, वह परवान नहीं चढ़ सकी। एक आंकड़े के मुताबिक बुंदेलखंड में औसतन 70 हजार लाख टन घन मीटर पानी प्रतिवर्ष वर्षा द्वारा उपलब्ध होता है। लेकिन विडंबना है कि इसका अधिकांश भाग तेज प्रवाह के साथ निकल जाता है। बेतवा नदी का प्रभाव ठुकवां बांध पर वर्षा ऋतु में 16800 घन मीटर प्रति सेकेंड होता है जो ग्रीष्म में घटकर 0.56 घन मीटर प्रति सेकेंड रह जाता है। इसी तरह पयस्वनी का प्रभाव वर्षा ऋतु में 2184 घन मीटर प्रति सेकेंड रहता है जबकि ग्रीष्म ऋतु में यह 0.42 घन मीटर प्रति सेकेंड रह जाता है। अगर इन प्रवाहों को संचित कर उपयोग में लाया जाए तो इस क्षेत्र की भूमि को लहलहाते देर नहीं लगेगी। गौर करें तो केन और बेतवा को छोड़कर अन्य नदियों का जल बिना उपयोग के यमुना नदी में प्रवाहित हो जाता है। बुंदेलखंड का भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 70 हजार वर्ग किलोमीटर है। यह वर्तमान हरियाणा और पंजाब से अधिक है। इसमें उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के 13 जनपद तथा समीपवर्ती भू-भाग है जो यमुना और नर्मदा नदी से आबद्ध है। मध्यप्रदेश के सागर संभाग के पांच जिले-छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, सागर और दमोह और चंबल का दतिया जिला मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड में आते हैं। जबकि उत्तर प्रदेश के झांसी संभाग के सभी सात जिले- बांदा, चित्रकूट, झांसी, ललितपुर, जालौन, महोबा और हमीरपुर बुंदेलखंड में आते हैं। यह बुंदेलखंड की विडंबना है कि एक सांस्कृतिक और सामाजिक एकरूप भौगोलिक क्षेत्र होने के बावजूद यह दो राज्यों में बंटा हुआ है। बावजूद इसके बुंदेलखंड विकास की असिमित संभावनाओं को अपनी कोख में संजोए हुए है। उसके पास इतने अधिक संसाधन है कि वह अपने बहुमुखी उत्थान की आर्थिक व्यवस्था स्वतः कर सकता है। लेकिन यह तभी संभव होगा जब उसकी कोख जल से संतृप्त होगी। उल्लेखनीय है कि बुंदेलखंड की दुर्दशा को ध्यान में रखकर ही 1956 में गठित प्रथम राज्य पुनर्गठन आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाए जाने की वकालत की गई थी। बहरहाल बुंदेलखंड के अलग राज्य का सपना तो दूर है, लेकिन केन-बेतवा परियोजना से उम्मीद की आस बंध गई है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब इस परियोजना में किसी तरह की अड़चन नहीं आएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

जयंती विशेष

विवेक शुक्ला




# ग़ालिब से 'गुफ़्तगू' करते मंटो

वह 1940 का दशक था। देश में ब्रिटिश शासन के खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा था। देश और दिल्ली में भी लगातार आंदोलन हो रहे थे। मशहूर उर्दू लेखक सआदत हसन मंटो उन दिनों दिल्ली में थे। वे ऑल इंडिया रेडियो में काम कर रहे थे। मंटो के साथ उर्दू के मशहूर अफसाना निगार कृष्ण चंदर भी काम करते थे। जब भी उन्हें खाली समय मिलता, वे दोनों दिल्ली की खाक छानने के लिए निकल पड़ते। यह नामुमकिन है कि ये दोनों दिल्ली-6 में मिर्जा ग़ालिब के घर और बस्ती निजामुद्दीन में उनकी कब्र पर कभी न गए हों। मंटो ने दिल्ली में रहते हुए 'मिर्जा गालिब' फिल्म लिखी थी। ये 1955 में रीलिज हुई थी। आप बस्ती निजामुद्दीन में मिर्जा ग़ालिब की मज़ार की ओर बढ़ते हुए मंटो और उन सभी के बारे में पलभर को सोचते हैं जो मिर्जा ग़ालिब की कब्र पर आते रहे हैं। आप गालिब की मजार पर जाते हुए ग़ालिब अकादमी के आगे से गुजरते हैं। वहां पर आज उनकी साल गिरह पर उनकी शायरी पर कई विद्वान गुफ्तुगू करेंगे। मुशायरा भी होना है। यहां से गुजरते हुए आपके कानों में 'ये न थी हमारी किस्मत के विसाल-ए-यार होता...' या 'हज़ारों ख़्वाहिशें ऐसी कि हर ख़्वाहिश पे दम निकले...' जैसे गालिब के कालजयी शेर सुनाई पड़ते हैं। कोई शायर या गालिब की शायरी को चाहने वाला इन्हें पढ़ रहा होता। खैर साहब, आप ग़ालिब की मज़ार पर पहुंचते हैं। वहां पर पहले से गालिब की शायरी के कुछ शैदाई पहुंचे हुए हैं। कुछ नौजवान यहां आए हुए हैं। उनमें से एक कहता है, 'हम हर साल यहां आते हैं। यहां आकर लगता है कि हम गालिब साहब से बात कर रहे हैं। हम उनकी शायरी को पढ़ते हैं। उर्दू शायरी पढ़ने वाले और गालिब पर गंभीर रिसर्च करने वाले भी यहां आते हैं। एक दौर था, जब यहां पाकिस्तानी भी नियमित रूप से दस्तक देते थे। यह उन दिनों की बात है जब दोनों देशों के नागरिक सरहद के आर-पार आराम से आते-जाते थे। ग़ालिब अकादमी के सचिव डॉ. अकील अहमद कहते हैं, 'जो ग़ालिब के गहरे दार्शनिक विचारों पर शोध करते हैं, वे भी यहां हैं। ग़ालिब की मज़ार आज जिस रूप में है, इसे खड़ा करने में हमदर्द दवाखाना के फाउंडर हकीम अब्दुल हमीद का अहम रोल था। उन्होंने ही गालिब अकादमी स्थापित की थी। वे कहते थे कि मजार और इसके आसपास हालत काफी खराब थी। उन्होंने इसका पुनर्निर्माण कराया। अगर बात ग़ालिब अकादमी की करें तो, इसका उद्घाटन 1969 में राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन ने किया था। यहां ग़ालिब को समर्पित एक संग्रहालय है, जिसमें उनकी प्रतिमा, दुर्लभ पुस्तकें, दस्तावेज और प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की एक गैलरी है। हकीम अब्दुल हमीद ने इस लेखक को 1995 में बताया था, " गालिब की मज़ार का क्षेत्र जर्जर था जब तक कि उन्होंने इसे पुनर्जीवित करने के लिए कदम नहीं उठाया था।" मशहूर टीवी पर्सनेल्टी विनोद दुआ भी गालिब की मजार पर हाजिरी देने के लिए आते थे। वे गालिब को दिल्ली वालों का बुजुर्ग कहते थे। मुहम्मद इकबाल भी ग़ालिब की शायरी से गहरे से प्रभावित थे। वे कहते थे कि उनकी कब्र पर आना शायरों के लिए किसी तीर्थयात्रा के समान है। वे ग़ालिब और हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया की मजारों पर हाजिरी देते थे। वे यहां पहली बार 1905 में आए थे, इंग्लैंड जाने से ठीक पहले। इस बीच, दिल्ली में लगभग दो साल रहने के बाद, मंटो अपने पसंदीदा शहर, मुंबई ( तब बॉम्बे) लौट गए थे। यह 1948 की बात है। 'मिर्जा ग़ालिब' की कहानी लिखते समय, वे निश्चित रूप से ग़ालिब के घर और कब्र पर जाते ही होंगे। उनका एक तरह से अपने प्रिय शायर से 'संवाद' भी हुआ होगा। वे जरूर सोचते होंगे कि अगर गालिब साहब उनके सामने होते तो वे उनसे क्या सवाल करते। सोहराब मोदी ने मंटो की कहानी पर मिर्जा गालिब फिल्म का निर्माण किया। उसे जबरदस्त सफलता मिली थी। देश के विभाजन के बाद, मंटो पाकिस्तान चले गए। उनका 1955 में लाहौर में निधन हो गया। इत्तेफाख देखिए कि तब देशभर में 'मिर्जा ग़ालिब' फिल्म चल रही थी। राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसे देखा और पसंद किया। मंटो की मौत से अवाक किशन चंदर ने तब लिखा था- 'जिस दिन मंटो से मेरी पहली मुलाक़ात हुई, उस रोज मैं दिल्ली में था। आज दिल्ली में मिर्जा ग़ालिब पिक्चर चल रही है। इसकी कहानी इसी दिल्ली में, मोरी गेट में बैठ कर मंटो ने लिखी थी।' 'मिर्जा ग़ालिब' 1954 में रिलीज हुई तो उसकी स्पेशल स्क्रीनिंग राष्ट्रपति भवन में भी हुई। मिर्जा गालिब ने अखिल भारतीय सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक और हिंदी में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रपति का रजत पदक जीता। मिर्जा गालिब फिल्म ने उस अजीम शायर को जिंदा कर दिया था। इसका श्रेय मंटो को भी जाता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# घृणा का अर्थ आत्मा द्वारा आत्मा का विनाश



संकलित

दर्शन

सब प्रकार की घृणा का अर्थ है आत्मा के द्वारा आत्मा का विनाश। प्रेम ही जीवन का यथार्थ नियामक है। प्रेम कभी निष्फल नहीं जाता। चाहे आज हो, चाहे सैकड़ों युगों के पश्चात प्रेम की विजय होगी और जरूर होगी। क्या तुम मनुष्य जाति से प्रेम करते हो? भगवान की खोज में कहीं जाते हो? दरिद्र दुखिया और दुर्बल क्या ये सभी तुम्हारे ईश्वर नहीं हैं। पहले उनकी उपासना क्यों नहीं करते? गंगा किनारे रहकर कुआं किसलिए खोदते हो। प्रेम की सर्वशक्तिमान पर विश्वास करना सीखें। क्या तुम्हारे हृदय में प्रेम है। यदि है तो तुम सर्वशक्तिमान हो। क्या तुम्हें एक भी कामना नहीं कामनाओं से बिलकुल विहीन हो। यदि ऐसा है तो तुम्हारी शक्ति को रोकने की सामर्थ्य किसमें है। अपने चरित्र के बल से मनुष्य सब जगह विजयी हो सकता है। भगवान आपकी संतान की रक्षा समुद्र के भीतर भी किया करते हैं। तुम्हारी मातृभूमि वीर संतान मांगती है। तुम लोग वीर बनो। जिनकी समदृष्टि हो गई है, वे ब्रह्म में अवस्थित माने जाते हैं। प्रेमावस्था को प्राप्त करना सिद्धावस्था है, किंतु हम जितना ही सिद्धि की ओर अग्रसर होते हैं, उतना ही कम काम करते हैं। सात्विक व्यक्ति समझते और देखते हैं कि सब कुछ खिलवाड़ मात्र है, इसी से वे किसी चीज में सिर नहीं खपाते। निर्विघ्न उद्देश्य सिद्धि के लिए चटपट कोई काम कर डालना उचित नहीं, सिद्धि प्राप्ति के लिए इन तीनों गुणों पवित्रता, सहनशीलता और अध्यवसाय और सबसे अधिक प्रेम की आवश्यकता है।

# ज्ञान मार्ग नहीं, तो दूसरा विकल्प है भक्ति



संकलित

प्रेरणा

धर्म आत्म विस्मरण नहीं है, धर्म है परिपूर्ण रूप से आत्म स्मरण। स्वयं को भूल नहीं जाना है, स्वयं को उसकी परिपूर्णता में जान लेना है। स्वयं को किसी में डुबा नहीं देना है, बल्कि खुद को अपनी समग्रता में पहचान लेना है। ज्ञान ही रोक लेता है, अटका लेता है। ज्ञान का बोझ मन को इतना भारी कर देता है कि फिर सत्य तक की यात्रा करना कठिन हो जाती है। ज्ञान के तट से जिनकी नाव बंधी है, वे सत्य के सागर में यात्रा नहीं कर सकेंगे। स्वभावतः यदि ज्ञान मार्ग नहीं है, तो एक दूसरा विकल्प है भक्ति और कल्पना का। यदि ज्ञान सत्य का द्वार नहीं है, तो फिर भक्ति है, समर्पण है, भावना है, कल्पना है। भक्ति भी मार्ग नहीं है। यदि ज्ञान मार्ग नहीं है, तो कल्पना तो और भी मार्ग नहीं हो सकती है। ज्ञान यदि द्वार नहीं है, तो स्वप्न तो और भी द्वार नहीं हो सकता है। ज्ञान है तर्क भक्ति है स्वप्न। ज्ञान है विचार, भक्ति है कल्पना। मनुष्य का मन या तो तर्क करना जानता है या कल्पना। मनुष्य के मन की क्षमता है उन स्वप्नों को देख लेने की, जो वास्तविक नहीं हैं। बल्कि मन जिन बातों को देखना चाहता है, स्वप्न या कल्पना में उन्हें देख लेता है। जिसे जीवन में नहीं उपलब्ध कर पाता, उसे सपने में पा लेता है। हम सभी सपने देखते हैं। स्वप्न परिपूरक हैं। जिंदगी में यथार्थ में जो नहीं मिलता, स्वप्न उसे पूरा कर देते हैं। तो जिस सत्य को ज्ञान से, विचार से नहीं खोजा जा सका, सोचा होगा कि उसे हम स्वप्न, कल्पना से और भावना से पा लेंगे। लेकिन मनुष्य का मन जो भी कल्पना करेगा, वह उसके मन की सृष्टि होगी जो सत्य नहीं है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### हिंदुओं पर अत्याचार रुकना चाहिए

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और हिंदुओं पर बहुत अत्याचार हो रहे हैं। मां-बेटियों का उत्पीड़न जोरों पर है। हिंदुओं के मंदिरों और पूजा स्थलों को नष्ट किया जा रहा है। इस मामले पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगे आना चाहिए। कट्टरपंथी इस कद्र हावी हैं कि किसी की सुनते नहीं। कानून नाम की वहां कोई चीज नहीं है। मानवतावादी संगठन इन अत्याचारों पर मौन क्यों हैं? उन्हें वैध तरीके से भी भारत नहीं आने दिया जाता। संतों को जेलों में डाला जा रहा है। वहां न वकील, न दलील चल रही है। पैरवी करने वालों को घायल किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बैनर्जी ने ठीक ही संयुक्त राष्ट्र से शांति सेना भेजने की मांग की है। समय आ गया है कि 1971 के इतिहास की आवृत्ति हो। अब कट्टरपंथी सारी सीमाएं लांघ चुके हैं। भारत के सभी दलों को भारतवंशियों की चिंता करनी चाहिए। *-यश कुमार रायपुर*

## ट्रेंड

### नायर के निधन से दुखी

मलयालम सिनेमा और साहित्य के सबसे सम्मानित शख्सियतों में से एक एमटी वासुदेवन नायर जी के निधन से दुखी हूं। मानवीय भावनाओं की गहन खोज के साथ उनके कार्यों ने पीढ़ियों को आकार दिया है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### दल से बड़ा देश

जब मैं कांग्रेस में था, तब मैं अटल जी से मिला और उनसे अनुरोध किया कि वे असम में पंचायत चुनाव कराने में सहायता करें, क्योंकि राज्य सरकार के पास धन की कमी थी। अटल जी तुरंत सहमत हो गए। उनके लिए हमेशा दल से बड़ा देश था।

-हिमंत बिस्वा सरमा, असम सीएम



### कांग्रेस का दोहरा चरित्र

इससे कांग्रेस के दोहरे चरित्र का भी पर्दाफाश होता है कि वह पूंजीपतियों का विरोध करके संसद अवरोध करती है किन्तु उन्हीं धन्नासेठों से धन लेकर पार्टी चलाती है और सरकार बनने पर उन्हें लाभ पहुँचाने का कार्य करती है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र



### फार्मा उद्योग 14वें स्थान पर

उत्पादन के मूल्य के हिसाब से भारतीय फार्मा उद्योग विश्व स्तर पर 14वें स्थान पर है। जेनेरिक दवाओं, ओटीसी, टीकों आदि हमारे विविध उत्पाद पोर्टफोलियो ने हमें यह अग्रणी स्थान हासिल करने में मदद की है।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी



## करंट अफेयर

# भारत से पंगा लेने वाले ट्रूडो को ट्रंप ने कहा पागल वामपंथी

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से पंगा लेने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को उनकी औकात दिखानी शुरू कर दी है। ट्रंप ने क्रिसमस के मौके पर ट्रूडो को वामपंथी पागल तक कह डाला। ट्रंप ने एक्स पर लिखा, लगातार हमारी न्यायिक प्रणाली का कार्यों और चुनावों में बाधा डालने की कोशिश कर रहे कट्टर वामपंथी पागलों को क्रिसमस की शुभकामनाएं। साथ ही कनाडा पर हाई टैरिफ लगाने की धमकी भी दी। ट्रंप ने ट्रूडो को एक बार फिर सुझाव दिया कि बेहतर है कि वह कनाडा का अमेरिका में विलय कर दें। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक संदेश में फिर कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अगर ट्रूडो ऐसा करते हैं तो उन्हें इसका फायदा ही फायदा होगा और अमेरिका 60 फीसदी तक कर छूट देगा। इससे कनाडा की अर्थव्यवस्था को दूनी रफ्तार मिलेगी। इतना ही नहीं, उन्होंने ट्रूडो को कनाडा का गवर्नर बनाने का भी ऑफर दिया। ट्रंप का ये ऑफर ट्रूडो के गले की ऐसी फांस बन गया है, जिसे वह न तो स्वीकार कर पा रहे हैं और न ही इन्कार कर पा रहे हैं। ट्रंप की नजर कनाडा के साथ ही साथ पनामा नहर पर भी गड़ी हुई है।



## ऑफ बीट

# नागवासुकी मंदिर में नागों के राजा ने किया था विश्राम

धर्म और आस्था की नगरी प्रयागराज में एक है नागवासुकी मंदिर। इस मंदिर का इतिहास बहुत ही पुराना है। कहा जाता है कि इस मंदिर के दर्शन किए बिना संगम से लौटना अधूरी यात्रा के बराबर है। इसलिए यदि आप महाकुंभ जाएं, तो नागवासुकी मंदिर के दर्शन कर खुद को कृतार्थ करें। जब औरंगजेब का भाला भी नहीं आया काम- धर्म और आस्था की नगरी प्रयागराज के संगम तट से उत्तर दिशा की ओर दारागंज के उत्तरी कोने पर अति प्राचीन नागवासुकी मंदिर स्थित है। इस मंदिर में नागों के राजा वासुकी नाग विराजमान रहते हैं। कहा जाता है कि जब मुगल बादशाह औरंगजेब भारत में मंदिरों को तोड़ रहा था, तो वह नागवासुकी मंदिर को खुद तोड़ने पहुंचा था। जैसे ही उसने मूर्ति पर भाला चलाया, तो अचानक दूध की धार निकली और चेहरे के ऊपर पडने से वो बेहोश हो गया था। अंत में उसे हताश और निराश होकर वापस लौटना पड़ा। तब से लेकर आज तक इस प्राचीन मंदिर की महिमा का गुणगान चारों दिशाओं में हो रहा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन में देवताओं और असुरों ने नागवासुकी को सुमेरु पर्वत में लपेटकर उनका प्रयोग रस्सी के तौर पर किया था, वहीं समुद्र मंथन के बाद नागराज वासुकी पूरी तरह लहूलुहान हो गए थे और भगवान विष्णु के कहने पर उन्होंने प्रयागराज में इसी जगह आराम किया था।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024 | पौष कृष्ण पक्ष द्वादशी | वर्ष : 23, अंक : 161 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



*राष्ट्रपति मुर्मू ने 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से किया सम्मानित*

**14** राज्य-केंद्र शासित प्रदेश

**17** बच्चों को पुरस्कार

**07** लड़के

**10** लड़कियां

## शह-मात का तीन वर्षीय जादूगर...

### अनीश को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, छग की हेमबती भी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने असाधारण साहस और कला, संस्कृति व खेल समेत विभिन्न क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल करने वाले 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। खेल श्रेणी में छत्तीसगढ़ की जूडो खिलाड़ी हेमबती नाग, शतरंज खिलाड़ी अनीश सरकार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया गया। अनीश सरकार मात्र तीन साल, आठ महीने और 19 दिन की उम्र में फिडे ▶▶|शेष पेज 2 पर



### राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुई छत्तीसगढ़ की बेटी

छत्तीसगढ़ की बेटी राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से कोंडागांव की हेमबती नाग को सम्मानित किया। हेमबती ने खेलो इंडिया नेशनल गेम्स 2022 समेत अन्य प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को नई पहचान दिलाई है।

### सीएम साय ने दी बधाई



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक्स पर पोस्ट कर हेमबती को बधाई दी है। उन्होंने लिखा- शाबाश बिटिया! राष्ट्रीय जुडो खिलाड़ी, कोंडागांव की बिटिया हेमबती नाग को आज माननीय राष्ट्रपति ▶▶|शेष पेज 2 पर



### देश के वीर बच्चों से मिले पीएम मोदी

*पीएम नरेंद्र मोदी देश के वीर बच्चों से मुलाकात की। इसमें पीएम बच्चों से उनका हालचाल पूछा। पीएम मोदी से मिलकर बच्चे भी काफी खुश हुए। पीएम मोदी ने बच्चों से मुलाकात के दौरान उनके उनसे काफी कुछ पूछा। इस दौरान कुछ दिव्यांग बच्चों ने भी पीएम मोदी को अपनी बातें बताईं। इस दौरान पीएम मोदी ने सबसे छोटी बच्ची से भी काफी सवाल-जवाब किए। हाथ में माइक लेकर उस बच्ची ने पीएम मोदी के सवालों का जवाब भी दिया। पीएम मोदी के साथ मुलाकात के दौरान कुछ दिव्यांग बच्चे कुर्सी पर बैठकर अपनी बात बता रहे थे। पीएम मोदी बड़ी तन्मयता से उनकी बातों को सुन रहे थे। इसी दौरान एक छोटी बच्ची से काफी देर तक बातें कीं। दो दिव्यांग बच्चों से तो पीएम बेहद लगाव के साथ बात करते दिखे।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### फर्जी वोटर आईडी बनवाने वालों पर केस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में फर्जी वोटर आईडी मामले को लेकर पुलिस ने शाहीन बाग (ओखला) इलाके में केस दर्ज किया है। यह शिकायत वोटर आईडी आवेदनों में जालसाजी के गंभीर मामलों को लेकर हुई है। ओखला क्षेत्र में नए वोटर रजिस्ट्रेशन और एड्रेस चेंज कराने के उदेश्य से चार व्यक्तियों द्वारा फर्जी दस्तावेज जमा किए गए थे।

### न्यायमूर्ति नरेंदर उत्तराखंड के मुख्य न्यायाधीश

**देहरादून।** न्यायमूर्ति गुहानाथान नरेंदर ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राजभवन में कार्यक्रम में न्यायमूर्ति नरेंदर को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति नरेंदर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 23 दिसंबर को उत्तराखंड उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया था।

### कांग्रेस की कार्य समिति में कई निर्णय, सोनिया गांधी नहीं हुईं शामिल

# कांग्रेस 26 जनवरी से देशभर में शुरू करेगी 'संविधान बचाओ पद यात्रा'

*कांग्रेस की कार्य समिति की बैठक में गुरुवार को फैसला किया गया कि पार्टी में व्यापक संगठनात्मक सुधार तथा पुनर्गठन का काम तत्काल शुरू किया जाएगा। साल भर तक देश भर में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत 26 जनवरी से संविधान बचाओ पदयात्रा होगी तथा जिला और राज्य स्तर पर जनसभाओं का आयोजन होगा।*

एजेंसी ▶▶| बेलगावी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी पार्टी महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू की विचारधारा तथा बाबासाहेब के सम्मान के लिए आखिरी दम तक लड़ेगी। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि चुनावी प्रक्रिया में लोगों का विश्वास धीरे-धीरे कम होता जा रहा है क्योंकि निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष का यह भी ▶▶|शेष पेज 2 पर

- 2025 हर स्तर पर कांग्रेस के संगठनात्मक पुनर्गठन का वर्ष होगा
- कांग्रेस देशभर में चलाएगी 'जय बापू, जय भीम' अभियान
- खड़गे ने कहा- नेहरू-गांधी की विचारधारा बाबासाहेब के सम्मान के लिए आखिरी दम तक लड़ेंगे




### सरकार से गांधी की विरासत को खतरा : सोनिया

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी बैठक में नहीं पहुंच सकीं। उन्होंने पत्र के माध्यम से अपनी बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की सत्ता में बैठे लोगों से महात्मा गांधी की विरासत को खतरा है। महात्मा गांधी वह व्यक्ति थे, जिन्होंने उस समय के सभी बड़े नेताओं को तैयार किया और उनका मार्गदर्शन किया।

### दो प्रस्ताव पारित

पार्टी की कार्य समिति की बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि बैठक में दो प्रस्ताव भी पारित किए गए जिनमें एक प्रस्ताव महात्मा गांधी पर और दूसरा राजनीतिक है। वेणुगोपाल ने कहा, वर्ष 2025 का साल संगठन में व्यापक बदलाव का होगा। हम व्यापक संगठनात्मक सुधार करेंगे। 'जय बापू, जय भीम और जय संविधान' अभियान जल्द शुरू होगा।

### भाजपा का आरोप कांग्रेस के पोस्टर में भारत का गलत नक्शा



इधर, भाजपा के आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गलत नक्शे की तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस ने अपने सभी होर्डिंग्स पर भारत का बिगड़ा हुआ नक्शा लगाया है, साथ ही सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा सहित अन्य की तस्वीरें भी लगाई हैं, जिसमें कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, मानचित्र से पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन गायब प्रतीत होता है।

# दुर्ग-विशाखापटनम वंदे भारत खाली खर्च नहीं निकल रहा, घटेंगे कोच 16 की जगह रहेंगे सिर्फ आठ डिब्बे



### पांच महीने के बाद भी 50 फीसदी नहीं हो रही दुर्ग-विशाखापट्टनम में यात्रियों की बुकिंग

**वंदे भारत के टिकट की यह कीमत**

एग्जिक्यूटिव क्लास में चाय और लंच के साथ किरायाः 2,825 रुपये एग्जीक्यूटिव क्लास में बिना नाश्ते के किरायाः 2,410 रुपये चेयर कार में ब्रेकफास्ट, चाय और लंच के साथ किरायाः 1,565 रुपयेचेयर कार में बिना नाश्ते और पानी के किरायाः 1,205 रुपये।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

दुर्ग से विशाखापट्टनम जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस पांच महीने के बाद भी रेलवे के लिए फायदेमंद साबित नहीं हो पाई है। अब कोच घटाने के लिए रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा जा चुका है, जिसके बाद अब दूसरी वंदेभारत एक्सप्रेस 16 के बजाय 8 कोच के साथ चलेगी। बता दें कि वर्तमान में केवल 30 प्रतिशत यात्री ही वंदेभारत में सफर कर रहे हैं। 70 फीसदी ट्रेन रोजाना खाली रहती है। रेलवे को इससे आर्थिक नुकसान भी है।

बिलासपुर-नागपुर वंदेभारत में यात्री नहीं मिलने से रेलवे ने कोच को घटाया था। अब ऐसा दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदेभारत में करने की जरूरत महसूस हो रही है। परिचालन के बाद लगातार मंडल और जोन स्तर पर बुकिंग को लेकर रेलवे समीक्षा कर रहा था, लेकिन यह ट्रेन कभी 50 फीसदी यात्रियों से नहीं भरी, जिसके बाद बदलाव करने के लिए जोन से रेलवे बोर्ड को पत्र भेजा गया है। बता दें कि इस ट्रेन में दो एग्जिक्यूटिव क्लास कोच और 14 चेयर कार ▶▶|शेष पेज 2 पर

### 8 कोच से होगा फायदा

दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदेभारत के परिचालन से रेलवे को किसी भी तरह से लाभ नहीं हुआ है। अगर रेलवे कोच को 8 करता है, तो 30 प्रतिशत यात्रियों से लाभ होगा। बिलासपुर-नागपुर वंदेभारत के कोच कम करने से रेलवे को नुकसान कम हुआ था। अफसरों का भी कहना है कि 8 कोच के साथ परिचालन होने से सीट खाली नहीं रहेगी। पत्र में बुकिंग के बारे में भी बताया गया है। छुट्टी के दिनों से विशाखापट्टनम जाने के लिए लोगों ने वंदेभारत को चुना है। जनवरी में ही रेलवे बोर्ड कोच कम करने के बारे में फैसला ले सकता है।

### इन्हीं रूट पर एक्सप्रेस ट्रेनों में वेटिंग

रायपुर स्टेशन से विशाखापट्टनम के लिए एक दिन में वंदे भारत सहित आधा दर्जन से अधिक नियमित एक्सप्रेस ट्रेनें चलती हैं। इनमें समता एक्सप्रेस में एसी व स्लीपर में वेटिंग है, जबकि रायपुर-विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस एसी थर्ड में सीट उपलब्ध है। यही स्थिति अन्य ट्रेनों की भी है।

# मेयर और पालिका अध्यक्षों की लॉटरी फिर टली, चुनाव देर से ही

- पहले 27 दिसंबर को होना था ये आरक्षण
- अब जनवरी से मतदाता सूची का पुनरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव टलने के आसार नजर आ रहे हैं। दरअसल इन चुनावों के लिए 27 दिसंबर को होने वाले मेयर, पालिकाध्यक्ष के आरक्षण की तारीख बढ़ा दी गई। अब यह आरक्षण 7 जनवरी को होगा। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नई सूचना जारी कर दी है। अब नियम के हिसाब से 1 जनवरी की तारीख से मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जाना है। नए सिरे से मतदाता सूची बनाने में कम से कम तीन माह का समय लगना तय है। इस आधार पर माना जा रहा है कि नगरीय निकायों के चुनाव तीन महीनों के लिए टल गए हैं। ▶▶|शेष पेज 2 पर

### इसलिए टल सकते हैं चुनाव

राज्य में नगरीय निकायों के मेयर और अध्यक्ष के आरक्षण की तारीख आगे बढ़ाए जाने के बाद ये अटकलें तेज हो गईं है कि अब छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव अगले कुछ महीनों के लिए टल गए हैं। इस संभावना के पीछे तर्क ये है कि राज्य निर्वाचन आयोग हर साल जनवरी में मतदाता सूची का पुनरीक्षण करवाता है। ऐसे लोग जो 1 जनवरी को 18 साल की आयु में प्रवेश करते हैं उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ने का नियम है। अब अगर 1 जनवरी के पहले आरक्षण तय हो जाते और चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाती तो चुनाव जल्द हो सकते थे। लेकिन अब मेयर, अध्यक्ष का आरक्षण ही 7 जनवरी को किया जाएगा, तब तक राज्य निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदाता सूची का पुनरीक्षण का काम शुरु करवाना होगा। यह प्रक्रिया दो से तीन महीने तक चल सकती है। पुनरीक्षण हुए बिना नए चुनाव ▶▶|शेष पेज 2 पर

# स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल होगी गुरु गोविंद के साहिबजादों की बलिदान कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुरु गोविंद सिंह जी के वीर साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अमर बलिदान की कहानी अब छत्तीसगढ़ के स्कूली बच्चों को पढ़ाई जाएगी। वीर साहिबजादों की वीरता की यह कहानी देश के युवाओं को साहस के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह और वीर साहिबजादों का पुण्य स्मरण कर कहा कि हमें उनकी शिक्षाओं को अपनाना चाहिए और नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ना चाहिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वीर साहिबजादों के जीवनी पर आधारित एनिमेटेड फिल्म भी देखी।

### मुख्यमंत्री ने की घोषणा, कहा- नई पीढ़ी को आदर्शों से जोड़ना आवश्यक

- वीर बाल दिवस पर राजधानी में बौद्धिक संगोष्ठी के दौरान साय ने किया ऐलान
- देश के लिए जीने और प्राणों की आहूति देने की सीख दे गए वीर साहिबजादे



### बच्चों को बताएं प्रेरक कहानियां

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें राष्ट्र की रक्षा के लिए सिख गुरुओं के त्याग की महान सिख परंपरा की याद दिलाता है। हमें ऐसे महान वीर सपूतों की प्रेरक कहानियां अपने बच्चों और समाज को बतानी ▶▶|शेष पेज 2 पर


## घर बैठे रायपुर में खरीदिए संपत्ति



श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### आरडीए ने शुरू की ऑनलाईन सेल

Website : https://rda.cgstate.gov.in



श्री ओपी चौधरी
माननीय मंत्री
आवास एवं पर्यावरण छत्तीसगढ़

### ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

रायपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक उपयोग के लिए भूखण्ड, दुकान, डुप्लेक्स रो-हाउस एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् फ्लैट विक्रय हेतु उपलब्ध है।

| क्र. | योजना | संपत्ति का प्रकार | संख्या | संपत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफुट में) | संपत्ति का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशल्या माता विहार | आवासीय भूखण्ड (2000 वर्गफुट से कम) दर रू. 2177/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 4 | 822.4-1743.9 | रू.17,90,278 - रू. 37,96,383/- |
| | | आवासीय भूखण्ड (2000 वर्गफुट से ज्यादा) दर रू. 2072/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 21 | 2064.5-7472.40 | रू. 42,77,685 - रू.1,54,82,771/- |
| | | मिश्रित भूखण्ड - दर रु. 3710/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 9610 | रू.3,56,53,100/- |
| | | व्यावसायिक भूखण्ड - सेक्टर लेवल दर रु. 3630/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 14 | 757.07-788.7 | रू.27,48,154 - रू.28,62,876/- |
| | | डुप्लेक्स रो-हाऊस | 8 | 545-798.3 | रू.24,60,767 - रू.32,27,978/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (3 बी.एच.के.) सेक्टर-13 | 110 | 645 | रू.19,00,000/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (2 बी.एच.के.) | 6 | 497 | रू.12,79,300/- |
| | | एल.आई.जी. फ्लैट्स (3 बी.एच.के.) | 6 | 645 | रू.15,30,100/- |
| PCG RERA NO. - 190618000236, Website :- https://rera.cgstate.gov.in | | | | | |
| 2 | इन्द्रप्रस्थ रायपुरा | 120 अपार्टमेंट (मल्टीस्टोरी फ्लैट्स) | 2 | 1008-1061 | रू.21,30,000 - रू.22,43,000/- |
| 3 | बोरियाखुर्द योजना | शैक्षणिक भूखंड- दर रु. 415/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 27518 | रू.1,14,19,970/- |
| | | दुकानें - दर रु. 4000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 8 | 78-120 | रू.3,13,760 - रू.4,81,320/- |
| 4 | कटोरा तालाब योजना (सेक्टर-07 न्यू राजेन्द्र नगर) | भक्त माता कर्मा काम्प्लेक्स में दुकानें- दर रु. 5680/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 4 | 480-494 | रू.27,26,400 - रू.28,05,920/- |
| 5 | शैलेन्द्र नगर योजना | दुकानें (प्रथम तल) - दर रु. 6000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 19 | 229-253 | रू.13,74,000 - रू.15,18,000/- |

| महत्वपूर्ण तिथियां | |
|---|---|
| | निविदा जारी करने की तिथि 26/12/2024 |
| | निविदा फॉर्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की तिथि 26/12/2024 से 09/01/2025 |
| | पूर्ण रूप से भरी गई निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 09/01/2025 तक |

संपत्तियों का आवंटन ऑनलाईन निविदा के माध्यम से होगा। निविदा के नियम एवं शर्तें, उपलब्ध संपत्तियों का विवरण, निर्धारित ऑफसेट दर तथा आवेदन की जानकारी प्राधिकरण की वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in में उपलब्ध है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**रायपुर विकास प्राधिकरण**

भक्त माता कर्मा कॉम्प्लेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in, टोल फ्री नं. - 1800-233-7188

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संपत्ति विक्रय के लिए किसी एजेंट/ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई है।

जागो ग्राहक जागो


### बगैर महंगी कोचिंग के कड़ी परिश्रम से यूपीएससी में हुई चयनित

# भृत्य की बेटी प्रियंका ने बढ़ाया बस्तर का मान, बनी जियोलॉजिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**खास खबर**

बगैर महंगी कोचिंग ज्वाइन किए घर पर ही 18 घंटे की कड़ी मेहनत कर यूपीएससी में 40वां रैंक हासिल करने वाली पंडरीपानी गांव की प्रियंका युवाओं के लिए मिसाल बन गई है। जगदलपुर कलेक्टोरेट में भृत्य के पद पर पदस्थ पिता घासीराम और गृहिणी लक्ष्मी की आर्थिक स्थिति को समझकर प्रियंका ने घर पर ही पढ़ाई करने की ठानी और सफलता हासिल की। तीन दिन पहले आए यूपीएससी का परिणाम के बाद प्रियंका को बधाई देने वालों का तांता लगा है। ▶▶|शेष पेज 2 पर

### लक्ष्य हमेशा बड़ा होना चाहिए

विपरीत परिस्थितियों से उभर का सफलता हासिल करने वाली प्रियंका कहती हैं कि परीक्षार्थियों को स्वयं पर विश्वास होना अनिवार्य है, बिना आत्मविश्वास के आगे बढना असंभव है। प्रियंका ने कहा कि लक्ष्य हमेशा बड़ा होना चाहिए, लक्ष्य अगर बड़ा होगा तो मुकाम भी बड़ा हासिल होगा।



### बिना कोचिंग हासिल की 40वीं रैंक

बस्तर जिले के बिरिंगपाल के सामान्य परिवार की बेटी प्रियंका की प्राथमिक शिक्षा भड़िसगांव, माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा पंडरीपानी के सरकारी स्कूल से हुई। इसके बाद स्नातक एवं स्नातकोत्तर की शिक्षा भी उन्होंने जगदलपुर के शासकीय पीजी कॉलेज से पूरी की। पढ़ाई पूरी होने के बाद से वह स्व-अध्ययन में जुट गयीं एवं अपने गुरूजनों एवं विभागीय अधिकारियों से लगातार मार्गदर्शन प्राप्त करती रहीं। पहले प्रयास में ही यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने में कामयाब हो गई।


MARUTI SUZUKI
NEXA
YOU CANNOT MISS THIS.
Avail great year-end offers on the New Age Baleno. Buy before the stock runs out.
GRAB IT BEFORE PRICE RISE OF UP TO 4%
BALENO
BUY A NEXA CAR & STAND A CHANCE TO WIN 2 TICKETS TO
Ed Sheeran
+–=÷x
2025 INDIA TOUR
THE NEW AGE
BALENO
TECH GOES BOLD
1st in Segment
360 VIEW CAMERA
1st in Segment
HEAD UP DISPLAY
6 AIRBAGS^
IN-BUILT SUZUKI CONNECT
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
REGAL EDITION
GET ACCESSORY PACKAGE OF UP TO ₹ 60 526
SHOWSTOPPER DEALS
ONLY 05 DAYS LEFT
For any bulk purchase enquiries please email to renjith.nair@maruti.co.in
BENEFITS UP TO ₹ 77 626**
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
FOR MORE DETAILS CONTACT MR. SHREY SHIKHAR +91 81308 49972
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Offers may vary subject to the model and variant purchased and shall be applicable till stock lasts. **All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Creative Visualization. ^For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the owner's manual. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.

हरिभूमि
बालभूमि
haribhoomi.com
रायपुर, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित



HAPPY NEW YEAR 2025

सेलिब्रेशन / डॉ. अलका जैन 'आराधना'




बच्चों, नया साल आने वाला है! तुम पुराने साल 2024 को अलविदा कहोगे और नए साल 2025 का स्वागत बड़े उत्साह-उमंग से करोगे। साथ ही कुछ ऐसा नया करने का भी संकल्प लो, जो तुम्हारी बेहतरी के लिए जरूरी है। बच्चों, नए साल पर तुम क्या नया कर सकते हो, जानो।

# नए साल में नया उत्साह-उमंग

बच्चों, नया साल सिर्फ पार्टी और मौज-मस्ती तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, नया साल तो वह अवसर है, जब तुम कोई अच्छी नई शुरुआत कर सकते हो, अपने जीवन में कुछ नया और अच्छा करने का संकल्प ले सकते हो। इस बार नए साल पर कुछ नया और अलग क्या कर सकते हो, हम यहां तुम्हें बता रहे हैं।

### नए साल पर हो धमाल पार्टी

पार्टी का नाम आते ही जोरदार संगीत, नाचते-झूमते लोग और बहुत सारी टेस्टी डिशेज याद आ जाती हैं। लेकिन बच्चों, क्या तुमने नए साल पर कभी थीम पार्टी के बारे में सोचा है? जैसे, पायजामा पार्टी, कहानी सुनाओ पार्टी या फिर चुटकुले सुनाने वाली पार्टी? इस बार तुम अपने दोस्तों को घर बुलाओ और उनसे कहो कि सब अपनी कोई फनी ड्रेस पहनकर आएं। फिर मिलकर चेयर रेस, म्यूजिकल चेयर या अपने खुद के बनाए अजीबो-गरीब खेल खेलो, खूब मजा आएगा। इस पार्टी में मिठाई हों, गुब्बारे हों और ढेर सारी हंसी-खुशी भी हो।

### पुराने साल को करो मुस्कुराते हुए विदा

कुछ नया करने से पहले पुराने की विदाई अच्छे से करनी चाहिए। पुराने साल ने तुम्हें बहुत सारी प्यारी यादें दी होंगी। इन यादों को संजो कर रखो। अपने परिवार और दोस्तों के साथ बैठकर एक बड़ा-सा पोस्टर बनाओ, इस पर लिखो कि इस साल सबसे ज्यादा तुम्हें क्या अच्छा लगा। अगर कुछ ऐसा है, जो तुम बीते साल में ठीक से नहीं कर पाए हो तो उनकी एक लिस्ट बना लो, फिर संकल्प लो कि नए साल में इन अधूरे कामों को जरूर पूरा करोगे।



### नया साल नई शुरुआत

नया साल सिर्फ डेट बदलने का नाम नहीं है। यह एक मौका है खुद को पहले से बेटर बनाने का। तुम खुद से कुछ वादे करो, जैसे- इस साल हर रोज कम से कम एक दो घंटे सेल्फ स्टडी करेंगे, घर के कामों में अपने मम्मी-पापा की मदद करेंगे, मोबाइल और दूसरे गैजेट्स का प्रयोग कम करके आउटडोर गेम्स ज्यादा खेलेंगे।

### खुद को बनाओ सुपरहीरो

सुपरहीरो बनना अच्छा लगता है, है ना! तो इस बार नए साल पर तुम असली सुपरहीरो बनो, किसी जरूरतमंद की मदद करके। तुम्हारे पास जो चीजें हैं, उनमें से जो तुम इस्तेमाल नहीं करते हो, उसे बांट दो। पुराने खिलौने, किताबें या कपड़े जो भी तुम्हारे पास है, गरीब बच्चों को दे दो, वे बहुत खुश होंगे।

### मिठाई का स्वाद लेना भी है जरूरी

नए साल पर कुछ मीठा होना तो बनता है। मम्मी के साथ किचेन में जाओ और कोई मीठी डिश बनाने में उनकी मदद करो जैसे केक, गुलाब जामुन या फिर गाजर का हलवा। जब तुम कोई डिश खुद बनाओगे तो वह और भी स्वादिष्ट लगेगी। अगर वह डिश मम्मी-पापा के साथ बनाई होगी तो स्वाद कई गुना बढ़ जाएगा।



### परिवार के साथ बिताएंगे स्पेशल टाइम

नया साल सिर्फ दोस्तों के साथ ही नहीं, परिवार के साथ भी खास बनाया जा सकता है। नया साल अपने मम्मी-पापा, दादी-दादा या भाई-बहन के साथ भी बिताओ। बच्चों, तुम इनके साथ मिलकर कोई गेम जैसे लूडो, सांप-सीढ़ी खेल सकते हो। अंताक्षरी भी एक मनोरंजक गेम है।



### पेड़ लगाकर मनाओ नया साल

बच्चों, इस बार नए साल की शुरुआत थोड़ा हटके करो। क्या तुम जानते हो कि पेड़ हमारे सबसे अच्छे दोस्त होते हैं? ये हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन देते हैं, फल देते हैं, तो क्यों ना नया साल इनके साथ मनाएं! एक छोटा पौधा लगाएं और उसको अपना नया दोस्त बनाएं, इसकी देखभाल करें, खाद पानी दें ताकि वह बड़ा होकर लोगों को शीतल छाया दे, फल-फूल दे।

### देखो नए सपने

नया साल नए सपने देखने का समय है। अपने सपनों के बारे में सोचो और उन्हें पूरा करने की योजना बनाओ। जैसे अगर तुम पेंटर बनना चाहते हो तो पेंटिंग की प्रैक्टिस करो। अगर सिंगर बनना है तो गाना सीखो, रोज रियाज करो। बच्चों याद रखो, कोई भी सपना छोटा या बड़ा नहीं होता। कड़ी मेहनत से अपने हर सपने को पूरा किया जा सकता है।

बच्चों, नया साल नई शुरुआत का समय है। इसे हंसी-खुशी के साथ मनाओ और हां सबको हैप्पी न्यू ईयर कहना ना भूलना! *

जानकारी / नयनतारा

# कब से शुरू हुआ न्यू ईयर सेलिब्रेशन



बच्चों, हर वर्ष फर्स्ट जनवरी को दुनिया भर में बड़े उत्साह-उमंग से नए साल की शुरुआत को सेलिब्रेट किया जाता है। क्या तुम जानते हो कि इस सेलिब्रेशन की शुरुआत कब से और कहां से हुई? जानो, न्यू ईयर सेलिब्रेशन से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

बच्चों, पूरी दुनिया में फर्स्ट जनवरी को नया साल बड़ी धूमधाम मनाया जाता है। अलग-अलग कालखंड में विभिन्न सभ्यता-संस्कृतियों में नए साल का जश्न मनाने की परंपरा अलग-अलग रूप में विकसित हुई। आओ जानते हैं इसके बारे में-

**हजारों साल पुरानी है परंपरा:** नए साल का जश्न मनाने का सबसे पुराना रिकॉर्ड लगभग 4000 ईसा पूर्व यानी आज से लगभग 6000 वर्ष पूर्व का है। मान्यता है कि उस समय बेबीलोन में नए साल पर जश्न मनाया जाता था। इस आधार पर कहा जा सकता है कि सबसे पहले नए साल का जश्न मनाना बेबीलोनिया (मेसोपोटामिया) सभ्यता के लोगों ने शुरू किया था।

**अलग था नाम और मनाने का ढंग:** बेबीलोनिया सभ्यता के लोग नए साल पर एक उत्सव मनाते जरूर थे, लेकिन तब इसका नाम और इसे मनाने के तौर-तरीके बिल्कुल अलग थे। उस दौर में इसे 'अकितु' फेस्टिवल कहा जाता था। तब यह वसंत विषुव (स्प्रिंग एक्विनॉक्स) के समय यानी मार्च के महीने में मनाया जाता था।

### भारत के प्रांतों में अलग-अलग नामों से नव वर्ष के उत्सव

भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में वहां के धार्मिक-सांस्कृतिक कैलेंडरों के अनुसार नया साल का जश्न मनाया जाता है।



उत्तर भारत में ज्यादातर लोग चैत्र नवरात्र पर अपना नव वर्ष मनाते हैं। पंजाब में बैशाखी पर नया साल मनाया जाता है। तमिलनाडु में पोंगल के समय, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में उगादी पर्व के अवसर पर, जबकि महाराष्ट्र में गुडी पड़वा पर नव वर्ष मनाए जाने की परंपरा है।

**भारत में न्यू ईयर सेलिब्रेशन की शुरुआत:** भारत में न्यू ईयर सेलिब्रेशन की बात करें, तो यहां अंग्रेजों के आने से पहले तक ग्रेगोरियन कैलेंडर के मुताबिक यानी एक जनवरी को नए साल का जश्न मनाए जाने की कोई परंपरा नहीं थी। हमारे यहां सांस्कृतिक, धार्मिक और भौगोलिक विविधताओं के कारण अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों और समुदायों में अलग-अलग तिथियों में नव वर्ष मनाए जाते थे। भारत में वर्तमान स्वरूप में नए साल का जश्न मनाने की शुरुआत ब्रिटिश काल के समय हुई। *

## जीके क्विज- 134



1. एक कैलेंडर वर्ष में चार वन-डे शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर कौन बनी हैं?
2. 'हितोपदेश' के लेखक कौन हैं?
3. किस भूतपूर्व प्रधानमंत्री की जयंती को 'सुशासन दिवस' के रूप मे मनाया जाता है?
4. किस भारतीय स्वतंत्रता सेनानी को 'सीमांत गांधी' के नाम से भी जाना जाता है?
5. राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्षों का होता है?
6. संसार में सबसे छोटा पक्षी कौन-सा है?
7. एलबीडब्ल्यू शब्द-संक्षेप का संबंध किस खेल से है?
8. भारत का केंद्रीय बैंक कौन-सा है?
9. वायुमंडल की कौन-सी परत हमें सूर्य से आने वाली अल्ट्रावॉयलेट किरणों से बचाती है?
10. सम्राट अशोक ने किस युद्ध के बाद बौद्ध धर्म अपनाया था?



बच्चों, जीके क्विज-134 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-133 का उत्तर :** 1.गुकेश डी, 2.राजनाथ सिंह, 3.वेटिकन सिटी, 4.वर्गीज कुरियन, 5. 21 दिसंबर 2024, 6.सी. राजगोपालाचारी, 7.दादाभाई नौरोजी, 8.आयरन, 9.बुध, 10.रैमन मैग्सेसे पुरस्कार

**जीके क्विज-133 का सही उत्तर देने वाले :** काव्या-रायपुर, मान्या-दिल्ली, सरोज-कुनकुरी, कमलेश-महेंद्रगढ़, झरना-ई-मेल से, नीटू-सीतापुर, राहुल-तखतपुर, कबीर-हिसार, राजकुमार ध्रुव-ई-मेल से, हर्षवर्धन-भिलाई, डिंपल-बिलासपुर, अमन-कोरबा, डिंपल-राजनांदगांव, हर्ष-रोहतक, कविश-भोपाल

## हंसगुल्ले



**सोनू :** मैंने साबुन से अपनी शर्ट धोई थी, अब वह शर्ट मुझे छोटी हो गई।
**मोनू :** टेंशन मत लो ! अब तुम उसी साबुन से नहा लो, तुम भी छोटे हो जाओगे और वो शर्ट तुम्हें फिट आ जाएगी।

-कुमकुम, भोपाल

**रिंकी :** अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी :** गुलाबजामुन।
**रिंकी :** कैसे?
**पिंकी :** 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।

-तृप्ति, रायपुर

**चिंटू (दुकानदार से) :** अंकल, आज के समोसे अच्छे नहीं थे। कल वाले बहुत अच्छे थे।
**दुकानदार :** बेटा, ये कल वाले समोसे ही हैं।

-शुभम, बिलासपुर

# नए साल पर नया अंदाज

बच्चों ने चाहा कि नए साल पर क्लास में मैडम कुछ नया कराएं ताकि वे एंज्वॉय कर सकें। बच्चों ने कुछ फरमाइशें भी रख दीं- पिकनिक चले, डांस करें, गेम्स खेलें, कहानी, कविता सुनाएं। मैडम बच्चों की ये फरमाइशें पूरी करने के लिए राजी थीं, लेकिन उन्होंने एक शर्त रख दी। क्या बच्चे मैडम की शर्त पूरी कर सके, उनकी फरमाइशें पूरी हो सकीं?




कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

साल बीतने में बस तीन दिन शेष थे। बच्चों में नए साल को लेकर बड़ा उत्साह था। सब क्लास में नए साल को लेकर अपनी-अपनी प्लानिंग बता रहे थे। अचानक क्लास टीचर मैडम ने इंट्री की तो सभी ने एक स्वर में 'गुड मॉर्निंग मैडम' कहकर मैडम का अभिवादन किया। मैडम के आ जाने से क्लास में हो रहा शोरगुल भी बंद हो गया था। मैडम ने चाक उठाई, ब्लैक बोर्ड की ओर घूमीं तो देखा, उस पर किसी ने लिख रखा था-

'मैडम प्लीज! नए साल में कुछ नया कराइए न!'

'किसने लिखा ये?' मैडम के सवाल पर जैसे सबको सांप सूंघ गया। कोई कुछ नहीं बोला। 'अगर नहीं बताओगे तो आपकी बात बिलकुल नहीं मानूंगी।', मैडम ने थोड़े नर्म लहजे में कहा। 'और मैडम, बता दें तो मान जाएंगी न?' अतुल एकदम पूछ बैठा। मैडम मुस्कुराईं, 'अच्छा! पहले इधर आओ।'

अतुल सहमा-सहमा सा उनकी तरफ बढ़ा। मैडम ने उसे चाक देते हुए कहा, 'ब्लैक बोर्ड पर यही वाक्य तुम लिखो।'

'म ...मैं?' अतुल के माथे पर सर्दी के दिनों में पसीने की बूंदें चमक उठीं।

'लिखो.. लिखो..।' मैडम ने कहा।

'स.. सा.. सॉरी मैडम! इसे मैंने ही लिखा था।' अतुल नजरें नीची कर धीमे स्वर में बोला। 'अरे! तो इसमें डरने की बात क्या है? अगर तुम सबकी इच्छा है तो जरूर कुछ नया किया जाएगा।' मैडम ने कहा तो अतुल के साथ-साथ पूरी क्लास चहक उठी, 'थैंक यू मैडम!' 'तो बताओ, क्या नया किया जाए?' मैडम के इस सवाल पर बच्चों के जवाब क्लास में गूंजने लगे,'मैडम! पिकनिक।', 'नहीं मैडम! डांस।', 'नहीं मैडम! कविता।', 'नहीं, नहीं! कहानी।' 'नहीं, नहीं मैडम! गेम।', 'नहीं मैडम! टूर, टूर।'... शोर सुनकर मैडम बोलीं, 'ऐसे शोर करोगे तो मैं आपकी कोई बात नहीं मानूंगी।' क्लास की आवाज एकदम धीमी पड़ गई।

मैडम मुस्कुराईं। फिर कहा, 'मैं सारे क्लास की बात मानूंगी, लेकिन पहले...'

'क्या, क्या...' बच्चे बीच में ही बोल उठे।

'..आपने इस साल जो भी संकल्प यानी रिजॉल्यूशंस लिए थे, उनमें से कोई भी पांच अभी लिखकर दिखाओ।' मैडम ने अपनी बात पूरी की।

'जी मैडम।' और सारे बच्चों के पेन, कॉपियों पर तेजी से चलने लगे। पांच मिनट में ही बच्चों की आवाजें गूंजने लगीं, 'लिख लिया मैडम, दिखाएं?'

'मैं खुद आती हूं।' मैडम ने सारी क्लास का निरीक्षण किया। लगभग सारे बच्चों के अधिकांश संकल्प एक जैसे थे- 'मैं इस वर्ष आलस नहीं करूंगा।', 'मुझे इस वर्ष क्लास में फर्स्ट आना है।', 'मैं किसी से झूठ नहीं बोलूंगा।', 'मैं इस साल बिल्कुल शैतानी नहीं करूंगा।', 'मैं अपना काम खुद किया करूंगा।' एक दो बच्चों ने कुछ नहीं लिखा था। उन्होंने कहा कि संकल्प तो डायरी पर लिखे थे। साल भर होने को आया, इसलिए भूल गए हैं। डायरी घर जाकर देखेंगे तो कल बता देंगे। मैडम गंभीर हो उठीं, 'संकल्प क्या भूलने के लिए किए जाते हैं?'

एक दो बच्चों के संकल्प देखकर मैडम को हंसी भी आई। सार्थक ने लिखा था, 'मुझे इस वर्ष एक क्विंटल चॉकलेट खानी है।' विवेक ने लिखा, 'मैं सुबह जल्दी नहीं जाग पाता। डांट पड़ती है। इस साल जल्दी जागूंगा।' रिद्धि ने लिखा था, ' मैं ड्राइंग तो बना लेती हूं लेकिन रोटी नहीं बना पाती। इसलिए इस साल रोटी बेलना सीखूंगी।'

मैडम ने पूछा, 'तो सच-सच बताओ। कितने बच्चों के कौन से संकल्प पूरे हुए? कौन से बाकी हैं?' सारी क्लास शांत थी। जैसे कोई चोरी पकड़ी गई हो। किसी का भी कोई संकल्प पूरा नहीं हुआ था।

सब कह रहे थे, हम ये संकल्प फिर से लेंगे। इन्हें इस बार अवश्य पूरा करेंगे।

मैडम ने समझाया, 'बच्चो! यही तो प्रॉब्लम है। हम संकल्प लेते हैं और फिर भूल जाते हैं या फिर उन्हें पूरा ही नहीं कर पाते हैं। हम जो भी संकल्प लें, उन्हें पूरी दृढ़ता के साथ पूरा करने में जुट जाएं। जिससे साल के अंत में कोई भी पुराना संकल्प अधूरा न रहे।'

मैडम की बात पर बच्चों ने हामी भरी। लेकिन सबका मन उदास हो गया था। रजत ने मायूस होकर पूछा, 'तो मैडम, आप ब्लैक बोर्ड पर लिखी हमारी रिक्वेस्ट पूरी नहीं करेंगी?' 'डोंट वरी, बिल्कुल करूंगी। नए साल में आपके स्कूल में चिल्ड्रेंस लिटरेचर फेस्टिवल होगा। उसमें खूब मजा आएगा। दूर-दूर से लेखक आ रहे हैं। वे आपसे बातें करेंगे। आपको उनके सामने एक नाटक भी करना है। नाटक में तो कहानी, कविता, डांस सब कुछ हो जाता है न। फिर एक दिन लेखकों के साथ आपका एक टूर भी जाएगा। तो समझो, आप सबकी तो सारी फरमाइशें पूरी हो जाएंगी।'

इतना सुनते ही सारे बच्चों की तालियां गूंज उठीं। मैडम बोलीं, 'तो आओ, मेरे साथ मैदान में चलो। गुनगुनी धूप में आपको एक नाटक की थीम सुनाते हैं और तय करते हैं कि कौन-सा रोल किसे करना है?' सारे बच्चे हंसते-चहकते मैडम के पीछे-पीछे चल दिए। यह उनका यादगार न्यू ईयर सेलिब्रेशन होने वाला था। *

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'




## नए साल में...

फूलों जैसे मुस्काएंगे,
नए साल में हम।
अपनी खुशबू फैलाएंगे,
नए साल में हम।
लड़ना-भिड़ना, झगड़ा करना
उल्टी-सीधी लत।
सोच लिया है, छोड़ेंगे
हम हर गंदी आदत।
डांट ना मम्मी की खाएंगे,
नए साल में हम।
ठीक समय शाला जाएंगे,
अब ना करेंगे छुट्टी।
झूठ बोलना, गाली देना
बुरी बात से कुट्टी।
कक्षा में अव्वल आएंगे
नए साल में हम।
रोज नहाना, समय से खाना,
समय से लिखना, पढ़ना।
सभी बड़ों की बात मानना
सब का आदर करना।
सब के प्यारे बन जाएंगे,
नए साल में हम।

## रंग भरो-165

रंग भरो-165 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डॉली, मटियारी



समाद्धि, शहडोल



तमन्ना, कोरबा



प्रगति, बिलासपुर



प्रशांत, बिलासपुर



काव्य, महेंद्रगढ़

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अहाना-बिलासपुर, रितेश-मटियारी पूजा-बालोद बाजार, मंजू-बिलासपुर, मुकेश-भोपाल, विनय-रायपुर, मोनी-दुर्ग, खुशी-बालोद, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, कल्पना-अंबिकापुर

## रंग भरो 166





बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे न्यू ईयर सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां न्यू ईयर सेलिब्रेशन से जुड़ा हुआ आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। दाहिनी तरफ इस चित्र के कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुम चित्र और कट-आउट्स को ध्यान से देखो और सभी कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करो।





उत्तर : A-4, B-5, C-2, D-3, E-1


## खबर संक्षेप

### मजबूत हाजिर मांग से सोना वायदा कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के बीच सटोरियों के ताजा सौदों की लिवाली करने से वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 302 रुपये की तेजी के साथ 76,572 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। फरवरी, 2025 माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 302 रुपये यानी 0.4 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,572 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

### कमजोर मांग से तांबा वायदा कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों के अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को तांबा की कीमत 35 पैसे की गिरावट के साथ 801.30 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। जनवरी 2025 माह में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 35 पैसे या 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 801.30 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जिसमें 8,904 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### रुपया 85.25 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर



**मुंबई।** रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में 10 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.25 के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक धारणा भारतीय मुद्रा को समर्थन देने में विफल रही।

### मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज की 238 करोड़ जुटाने की योजना

MSE METROPOLITAN STOCK EXCHANGE

**नई दिल्ली।** मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एमएसई) अपने कारोबार को जारी रखने के लिए चार इकाइयों से 238 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। ग्रो की मूल कंपनी बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स, जीरोधा की रेनमैटर इन्वेस्टमेंट्स, बीएसई-सूचीबद्ध शेयर इंडिया सिक्योरिटीज और सिक्यूरोकॉर्प सिक्योरिटीज इंडिया ये चार इकाइयां हैं।

### कमजोर मांग से बिनौला तेल खली कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच कारोबारियों के अपने सौदों का आकार घटाने से वायदा कारोबार में बिनौलातेल खली की कीमत नौ रुपये की गिरावट के साथ 2,676 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। 2025 माह में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत नौ रुपये यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,676 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

---

**नीलामी सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक ऑनलाइन होगी**

**संपत्तियों की नीलामी 28. 66 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर की जाएगी**

### सस्ते दाम पर फ्लैट-प्लॉट खरीदने का है मौका

# सेबी 27 जनवरी से पांच कंपनियों की 28 प्रॉपर्टीज करेगा नीलाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निवेशकों से अवैध रूप से जमा किए गए धन की वसूली के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी आगामी 27 जनवरी 2025 को पांच कंपनियों की संपत्ति की नीलामी करने जा रहा है। इस नीलामी में जिन संपत्तियों की नीलामी की जाएगी, उनमें पश्चिम बंगाल और ओडिशा में स्थित फ्लैट, आवासीय संपत्ति और फ्लैट, भूमि पार्सल, प्लॉट और भवन संरचनाओं वाली भूमि शामिल हैं।

पीटीआई की खबर के मुताबिक, संपत्तियों की नीलामी 28. 66 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर की जाएगी। यह संपत्तियां पश्चिम बंगाल और ओडिशा में स्थित हैं। इन संस्थाओं ने बाजार के नियमों का पालन किए बिना निवेशकों से पैसा जुटाया था। नीलामी सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक ऑनलाईन आयोजित होगी।

### इन कंपनियों की संपत्तियां होंगी नीलाम

खबर के मुताबिक, जिन कंपनियों की संपत्तियां नीलाम होंगी, उनमें बिशाल ग्रुप और सुमंगल इंडस्ट्रीज रवि किरण रियल्टी इंडिया, मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स और पुरुषत्तम इन्फोटेक इंडस्ट्रीज और अन्य। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की तरफ से इस मामले में 19 दिसंबर को एक नोटिस जारी किया था। सेबी ने पांच फर्मों और उनके प्रमोटरों/निदेशकों के खिलाफ वसूली कार्यवाही में संपत्तियों की बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित कीं।

*नियामक ने बोली लगाने वालों से कहा है कि वे बोली लगाने से पहले देनदारियों, मुकदमों, नीलामी में रखी गई संपत्तियों के टाइटल और दावों के बारे में स्वतंत्र जांच कर लें।*

### स्वतंत्र जांच कर लेने की अपील

नियामक ने बोली लगाने वालों से कहा है कि वे बोली लगाने से पहले देनदारियों, मुकदमों, नीलामी में रखी गई संपत्तियों के टाइटल और दावों के बारे में स्वतंत्र जांच कर लें। सेबी के पिछले आदेशों के मुताबिक, मंगलम एग्रो ने 2011-2012 के दौरान लगभग 4,820 निवेशकों को सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के अवैध जारीकरण से 11 करोड़ रुपये जुटाए थे, जबकि सुमंगल ने अवैध सामूहिक निवेश योजनाओं के माध्यम से निवेशकों से 85 करोड़ रुपये एकत्र किए थे।




### किस कंपनी की कितनी संपत्ति होगी नीलाम

नियामक ने संपत्तियों की बिक्री में सहायता के लिए एड्रोइट टेक्निकल सर्विसेज को नियुक्त किया है। जिन 28 संपत्तियों को नीलामी के लिए रखा गया है, उनमें से 17 बिशाल ग्रुप से जुड़ी हैं, 6 मंगलम एग्रो प्रोडक्ट्स से, 3 सुमंगल इंडस्ट्रीज से और 1-1 पुरुषत्तम इन्फोटेक इंडस्ट्रीज और रवि किरण रियल्टी इंडिया से जुड़ी हैं। सेबी ने कहा कि नीलामी 27 जनवरी, 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।


### किसने कितनी जुटाई थी रकम

इसके अलावा, बिशाल डिस्टिलर्स ने 4 करोड़ रुपये, बिशाल एग्री-बायो इंडस्ट्रीज और बिशाल हॉर्टिकल्चर एंड एनिमल प्रोजेक्ट्स ने क्रमशः 3 करोड़ रुपये और 2.84 करोड़ रुपये जुटाए थे। फर्मों द्वारा ये फंड 2006-2014 के बीच जुटाए गए थे। इसके अलावा, बिशाल अबासन इंडिया ने 2.75 करोड़ रुपये जुटाए, इसके अलावा एनसीडी जारी करके 89 करोड़ रुपये जुटाए। रवि किरण ने 1,176 व्यक्तियों को आरपीएस जारी करके फंड जुटाए।

---

# शेयर बाजारः सेंसेक्स 78,472 के स्तर पर बंद निफ्टी 22 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



■ आज शेयर बाजार में मामूली बदलाव

गुरुवार को हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में मामूली बदलाव देखने को मिला है। सेंसेक्स 0.39 अंकों की गिरावट के साथ आज 78,472.17 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 22 अंक चढ़कर 23,750.20 पर बंद हुआ। मिडकैप शेयरों में भी आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव भरा माहौल रहा। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 36 अंक की बढ़त के साथ 15,962.95 अंक पर बंद हुआ।

### ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स

टॉप गेनर्स में आज अडाणी पोर्ट्स, सीजी पावर और केईआई इंडस्ट्रीज ने क्रमशः 5.22 फीसदी, 4.21 फीसदी और 3.42 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी एनर्जी के शेयरों में भी क्रमशः 3.22 फीसदी और 2.72 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। हिंद कॉपर, पेज इंडस्ट्रीज, बंधन बैंक, पीवीआर इनोक्स और एसबीआई कार्ड क्रमशः 6.22 फीसदी, 3.64 फीसदी, 3.04 फीसदी, 2.69 फीसदी और 2.40 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे।

### सोना-चांदी की कीमत बढ़ी

सोना-चांदी की कीमतों में आज बढ़त देखने को मिली है। आज 24 कैरेट सोना महंगा होकर 76,285 रुपये प्रति 10 ग्राम बिक रहा है और चांदी की बात करें तो यह 87,900 रुपये प्रति किलो बिक रही है। खबर लिखे जाने तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरोपीय शेयर बाजार में डीएएक्स और एफटीएसई बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार के एस एंड पी 500 और नैस्डेक बढ़त के साथ हरे निशान पर थे।

---

# सिर्फ कॉलिंग के लिए अलग से पैक जारी करेंगी कंपनियां, नियमों में संशोधन

■ इसकी वैधता अवधि 365 दिन से अधिक नहीं होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने शुल्क नियमों में संशोधन कर मोबाइल पर केवल बातचीत और एसएमएस की सुविधा का उपयोग करने वाले लोगों को राहत दी।

इसके तहत मोबाइल सेवा प्रदाताओं को इंटरनेट का उपयोग नहीं करने वाले ग्राहकों के लिए 'वॉयस कॉल' और एसएमएस के लिए एक अलग 'प्लान' जारी करने को अनिवार्य किया गया है।




***90 दिन की सीमा बढ़ाकर 365 किया***
*नियामक ने विशेष रिचार्ज कूपन पर 90 दिन की सीमा हटा दी और इसे बढ़ाकर 365 दिन कर दिया है। ट्राई ने दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (12वां संशोधन) नियमन में कहा है कि सेवा प्रदाता विशेष रूप से बातचीत और एसएमएस के लिए कम-से-कम एक विशेष शुल्क वाउचर की पेशकश करेगा। इसकी वैधता अवधि 365 दिन से अधिक नहीं होगी। ऐसे में ट्राई के इस कदम से देश के करीब 30 करोड़ यूजर्स को डायरेक्ट फायदा मिल सकता है।*

***जिस सेवा का उपयोग, सिर्फ उसी का चार्ज :*** *इस कदम से उपभोक्ताओं को उन सेवाओं के लिए ही भुगतान करना होगा, जिनका वे आमतौर पर उपयोग करते हैं। गौर हो कि कई यूजर्स केवल कॉलिंग के लिए फोन का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन उन्हें मौजूदा डाटा पैक के साथ कॉलिंग और एसएमएस के लिए रिचार्ज करना होता है, जो काफी महंगा पड़ता है। वहीं कई यूजर्स दो सिम का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें एक कॉलिंग के लिए तो दूसरा इंटरनेट के लिए होता है, लेकिन उन्हें रिचार्ज दोनों के लिए करना पड़ता है।*

# दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ऑटो कंपनी बनने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापानी ऑटो कंपनी होंडा और निसान ने मर्जर की घोषणा की है। इस मर्जर के बाद सेल के लिहाज से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ऑटो कंपनी अस्तित्व में आएगी। गौरतलब है कि वाहन उद्योग इस समय बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। एक तरफ यह पेट्रोल और डीजल ईंधन पर निर्भरता खत्म कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इसे चीनी प्रतिद्वंद्वियों से तेज प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। दोनों कंपनियों ने कहा कि उन्होंने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। निसान के छोटे गठबंधन के सदस्य मित्सुबिशी मोटर्स ने भी अपने व्यवसायों को एकीकृत करने के लिए बातचीत में शामिल होने पर सहमति जताई है।




## बिजनेस साइट

### जीतो बालाघाट लेडीस विंग और जीतो बिजनेस नेटवर्क रेफरल ग्रुप फॉर्च्यून का शुभारंभ



**बालाघाट।** जीतो (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन) बालाघाट ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जीतो बालाघाट लेडीस विंग और जीतो बिजनेस नेटवर्क (जेबीएन) रेफरल ग्रुप फॉर्च्यून का शुभारंभ किया।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को साकार करने में कुसुम, महावीर और अभिलेष के साथ-साथ जोन चेयरमैन हितेन्द्र और अपैक्स वाईस चेयरमैन कमलेश का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा। कार्यक्रम के दौरान, बालाघाट शहर से 9 नए पैट्रन सदस्य जुड़कर कुल 12 पैट्रन सदस्य जीतो रायपुर परिवार का हिस्सा बने हैं। इस उपलब्धि पर जीतो रायपुर चेप्टर के चेयरमैन तिलोक चंद बरड़िया ने कहा कि यह सफलता जीतो रायपुर परिवार की अडिग प्रतिबद्धता और जोश का प्रतीक है। मैं इस नई पहल से जुड़े सभी नए सदस्यों और पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

### कम मांग से एल्युमीनियम वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों में कटौती की जिससे वायदा बाजार में एल्युमीनियम की कीमतें 1.10 रुपये की गिरावट के साथ 240.70 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं।


मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जनवरी आपूर्ति वाले एल्युमीनियम अनुबंध की कीमत 1.10 रुपये यानी 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 240.70 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इसमें कुल 3,165 लॉट के लिए कारोबार हुआ। उपभोक्ता उद्योगों की मांग में कमी के कारण कारोबारियों के सौदे घटाने से एल्युमीनियम की कीमतों में गिरावट आई।

---

### पुरानी कारों पर लगेगा 18% जीएसटी खरीदारों, विक्रेताओं और डीलरों पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद ने पुरानी और इस्तेमाल की गई कारों पर जीएसटी दर बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दी है, जिससे यह चर्चा का विषय बन गया है। यह बढ़ोतरी पुराने वाहनों की कीमत पर असर डाल सकती है, खासकर इलेक्ट्रिक वाहनों पर। अगर आप अपनी पुरानी कार किसी दूसरे व्यक्ति को बेचते हैं, तो उस पर जीएसटी नहीं लगेगा। हालांकि, डीलर या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से पुरानी कार खरीदने पर 18 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा।

**इलेक्ट्रिक कारों पर जीएसटी :** इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी लागू होता है, चाहे वह नई हो या पुरानी। इस वृद्धि से कार डीलरों और पुराने वाहनों को बेचने वाले प्लेटफार्मों पर असर पड़ेगा, खासकर छोटे स्टार्टअप्स पर देखने को मिलेगा।




---

# जरूरत के लिए समय से पहले निकाल सकते हैं पीएफ का पैसा

■ घर खरीदने व अन्य आवश्यकताओं के वक्त आएगा काम

■ कर्मचारी और नियोक्ता हर महीने 12 प्रतिशत योगदान करते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि या भविष्य निधि एक बचत योजना है, जो कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक मदद देती है। कर्मचारी और नियोक्ता हर महीने 12 प्रतिशत योगदान करते हैं, जिस पर ब्याज मिलता है।

नया घर खरीदने जैसी खास जरूरतों के लिए पीएफ समय से पहले निकाला जा सकता है। इसके लिए केवायसी और यूएएन सक्रिय होना जरूरी है। कर्मचारी ऑनलाइन यूएएन पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकते हैं और स्थिति भी जांच सकते हैं।

■ कर्मचारी ऑनलाइन यूएएन पोर्टल के जरिए आवेदन कर सकते हैं और स्थिति भी जांच सकते है




### कैसे निकालें ईपीएफ का पैसा

ईपीएफ निकासी के लिए यूएएन पोर्टल पर लॉग इन करके 'मैनेज' टैब में केवायसी विवरण चेक करें। इसके बाद, 'ऑनलाइन सर्विसेज' में 'क्लेम (फॉर्म-31)' पर क्लिक करके अपना बैंक अकाउंट वेरिफाई करें। निकासी का प्रकार चुनें, जैसे पूर्ण या आंशिक निकासी। 'पीएफ एडवांस' विकल्प पर जाएं और निकासी का उद्देश्य, राशि और पता भरें। अब जरूरी दस्तावेज, जैसे पहचान प्रमाण और रद्द चेक, अपलोड करें। यह प्रक्रिया सरल और पूरी तरह से ऑनलाइन है।

### निकासी की स्थिति कैसे जांचें?

ईपीएफ की निकासी की स्थिति जानने के लिए यूएएन पोर्टल पर लॉग इन करें। इसके बाद 'ऑनलाइन सर्विसेज' में 'ट्रैक क्लेम स्टेटस' पर क्लिक करके अपना आवेदन रेफरेंस नंबर दर्ज करें और स्थिति देखें। यह प्रक्रिया सरल है और आप अपनी निकासी का स्टेटस तुरंत जान सकते हैं। ईपीएफ निकासी के लिए जरूरी दस्तावेज हैं, जिसमें यूएएन, बैंक अकाउंट विवरण, पहचान और पते का प्रमाण और आईएफएससी कोड शामिल है।



# फ्रांस में मिली रोमन युग की सोने की अंगूठी, बनी है देवी वीनस की मूर्ति

एजेंसी ▸▸| पेरिस

फ्रांस के ब्रिटनी में पुरातत्वविदों को 1,800 साल पुरानी एक सोने की अंगूठी मिली है। इस अंगूठी पर युद्ध की देवी वीनस की तस्वीर उकेरी हुई है। अंगूठी के साथ-साथ कैरोलिंगियन साम्राज्य के समय के कुछ सिक्के भी मिले हैं। यह खोज ब्रिटनी के पेस शहर के पास हुई है। एक्सपर्ट को इस बात ने हैरत में डाला है कि खुदाई में मिली अंगूठी आज भी काफी अच्छी हालत में है। अंगूठी पर वीनस द विक्टोरियस की नक्काशी है। यह अंगूठी दूसरे या तीसरे शताब्दी की मानी जा रही है, जब ये क्षेत्र रोमन साम्राज्य था।

### 1800 साल पुरानी खोज से एक्सपर्ट हैरान



लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक, जिस स्थान पर ये अंगूठी मिली है। उसी जगह पर मध्ययुगीन काल के एक छोटे से गांव के अवशेष भी मिले हैं। यह गांव भी करीब 1,300 साल पुराना हो सकता है। वहां घरों, खेतों, चरागाहों और अनाज रखने के लिए भूमिगत सोलिस के अवशेष मिले हैं। गांव को 10वीं शताब्दी में वाइकिंग युग के दौरान छोड़ दिया गया था। गांव में बर्तन, खाना पकाने के बर्तन और चक्की के पाट भी मिले हैं। इसमें सबसे खास खोज 9वीं से 10वीं शताब्दी के एक दर्जन सिक्के हैं। ये सिक्के कैरोलिंगियन साम्राज्य के समय के हैं।

### सड़क पर गाड़ियों के पहियों के निशान

*रोमन साम्राज्य के दौरान की सड़क भी मिली है, इसी के पास ये सोने की अंगूठी थी। इस सड़क पर गाड़ियों के पहियों के निशान अभी भी दिखाई देते हैं। इन निशानों से पता चलता है कि इस सड़क पर पहिएदार गाड़ियाँ चलती थीं। ये गाड़ियाँ शायद पास के बस्ती में रहने वाले लोगों की सेवा के लिए इस्तेमाल होती थीं। यह अभी तक पता नहीं चला है कि यह अंगूठी किसकी थी और रोमन सड़क पर कैसे पहुंची।*

### अंगूठी बेहद अच्छी हालत में

*फ्रांसीसी राष्ट्रीय निवारक पुरातत्व अनुसंधान संस्थान के अनुसार, यह अंगूठी 'असाधारण रूप से संरक्षित' अवस्था में है। अंगूठी में निकोलो नाम का रत्न है, जिस पर नक्काशी की गई है। निकोलो एक प्रकार का गोमेद पत्थर होता है। इसे इस तरह काटा जाता है कि इसके ऊपर नीले रंग की एक पतली परत और नीचे काले रंग की एक मोटी परत होती है। इस रत्न को सोने से जड़ा गया है और इसके चारों ओर रेखाएं*

# दुनिया के सबसे बुजुर्ग मगरमच्छ हेनरी ने मनाया अपना 124वां जन्मदिन

**अब तक 10,000 बच्चों का बन चुका है बाप**



**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका में रहने वाला हेनरी नाम का मगरमच्छ 124 साल का हो गया है। यह दुनिया के सबसे बुजुर्ग जीवित जानवरों में से एक है। हेनरी के 10,000 से ज्यादा बच्चे हैं। हेनरी अभी स्वस्थ है और उसके कुछ और बच्चे होने की उम्मीद है। दुनिया का सबसे बुजुर्ग मगरमच्छ हेनरी दक्षिण अफ्रीका के एक वन्यजीव संरक्षण केंद्र में रहता है। वह 1900 में पैदा हुआ था। ऐसे में उसने अपना 124वां जन्मदिन मनाया है। हेनरी पर बढ़ती उम्र का उस पर उतना असर नहीं हुआ है, जितना कि उसकी उम्र के दूसरे जानवरों पर होता है।

वायनेट की रिपोर्ट के मुताबिक, हेनरी का धीमा मेटाबॉलिज्म, जीवन भर बढ़ते रहना, और ठंडे खून वाला होना उसे ऊर्जा बचाने और शरीर का तापमान नियंत्रित करने में मदद करता है। मगरमच्छ जैसे कुछ सरीसृप, उम्र बढ़ने के साथ-साथ बढ़ते रहते हैं। हेनरी का वजन लगभग 700 किलोग्राम (1,543 पाउंड) और लंबाई लगभग 5 मीटर (16.4 फीट) है, और वह अभी भी बढ़ रहा है। वह छह मादा मगरमच्छों के साथ रहता है।



### जानवरों की उम्र पर वैज्ञानिकों को मिलेगी मदद

*वैज्ञानिकों ने हाल ही में कुछ और जानवरों की लंबी उम्र के बारे में भी पता लगाया है। दक्षिणी राइट व्हेल 150 साल तक जी सकती है। यूटा में एक 47 मिलियन साल पुराने पौधे का जीवाश्म भी मिला है जो आज के किसी भी पौधे से अलग है। एक नए अध्ययन से पता चला है कि व्हेल पहले की सोच से कहीं ज्यादा लंबा जीवन जी सकती हैं। दक्षिणी राइट व्हेल, जो दांत रहित व्हेल का एक प्रकार है, 100 साल से ज्यादा जी सकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि उनमें से 10% 130 से 150 साल तक जी सकती हैं। यह उत्तरी अटलांटिक महासागर की व्हेल से बिल्कुल अलग है, जिनकी औसत आयु केवल 22 वर्ष है।*

# इजरायली एक्सपर्ट का कमाल, 1000 साल पुराने बीज से उगा दिया पौधा

एजेंसी ▸▸| तेल अवीव

इजरायल में 1,000 साल पुराना एक बीज जमकर 'शेबा' नाम का पेड़ बन गया है। यरुशलम के हदस्सा अस्पताल में प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान की निदेशक सारा सल्लोन ने एक हजार साल पुराने बीज को अंकुरित कर ये अनोखा पौधा उगाया है। यह बीज 1980 के दशक में जूडियन रेगिस्तान में एक गुफा से मिला था। सल्लोन को उम्मीद थी कि यह बाइबल में वर्णित गिलियड के बलसम का स्रोत हो सकता है, जिसका इस्तेमाल दवाओं में होता था और अपनी सुगंध के लिए जाना जाता था। इस बीज से उगाए गए पौधे को शेबा नाम दिया गया, हालांकि ये सुगंधित नहीं है। इस शोध के बारे में सात सितंबर में कम्युनिकेशंस बायोलॉजी जर्नल में प्रकाशित हुआ था। सल्लोन ने इस शोध को 14 साल तक गुप्त रखा ताकि शेबा की पहचान सुनिश्चित हो सके। उनका मानना है कि यह खोज सल्लोन के बाइबिल और दूसरे प्राचीन ग्रंथों में वर्णित औषधीय पौधों पर शोध का एक हिस्सा है। उन्होंने इससे पहले 2000 साल पुराने खजूर के बीजों को भी अंकुरित किया था।

### क्यों खास है ये खोज




*सारा सल्लोन ने एक हजार साल पुराने बीज को जीवन में वापस लाया है। यह बीज 1980 के दशक से हिब्रू विश्वविद्यालय के पुरातात्विक अभिलेखागार में रखा हुआ था। सल्लोन ने 2010 में इस बीज को प्राप्त किया। उन्होंने एक ऐसा पौधा उगाया, जिसके बारे में माना जाता है कि यह पौधा मृत सागर बेसिन के आसपास के नखलिस्तानों में उगाया जाता था। नौवीं शताब्दी ईस्वी तक यह पौधा इस क्षेत्र से गायब हो गया था। इसके बाद से ही इसकी वैज्ञानिक पहचान पर बहस चल रही है।*



### 12 फुट ऊंचा पेड़ बन गया

सल्लोन की टीम ने बीज को लगाया, अंकुरित किया और उसकी देखभाल की। जब भूसी की कार्बन डेटिंग की गई, तो पता चला कि यह 993 ईस्वी और 1202 ईस्वी के बीच का है। यह हजार साल पुराना अंकुर अब 12 फुट ऊंचा पेड़ बन गया है। शेबा के पुनरुत्थान की कहानी को 14 साल तक जनता से गुप्त रखा गया था, कम्युनिकेशंस बायोलॉजी जर्नल में ये रिसर्च प्रकाशित हुई है। इससे पहले 2005 में सल्लोन को छह खजूर के बीज दिए गए थे, जो 1960 के दशक में मसाडा के खंडहरों में खुदाई के दौरान मिले थे। सोलोवे के तीन 2,000 साल पुराने बीज बोने के पांच हफ्ते बाद एक छोटा सा अंकुर निकला। ये पौधा जमना उनके लिए बड़ी सफलता थी। अब उनको एक नई कामयाबी मिली है, जब शेबा का अंकुर पौधा बन गया है।

# छग-झारखंड में 10 करोड़ की ठगी, क्रिप्टो करेंसी गैंग का एक और फंसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



क्रिप्टो करेंसी में रकम दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने इंटरनेशनल ठगी गिरोह के जालसाज को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया है। जालसाजी गैंग के खिलाफ पांच हजार से ज्यादा लोगों के साथ ठगी करने की आशंका है। पुलिस ने जिस गिरोह के जालसाज को गिरफ्तार किया है, उन लोगों ने छत्तीसगढ़ तथा झारखंड में अब तक 10 करोड़ रुपए से ज्यादा ठगी की है। जालसाजों ने छत्तीसगढ़ के 94 लोगों के साथ ठगी की है। पुलिस ने मध्यप्रदेश, सेमरिया निवासी अरुण कुमार द्विवेदी को गिरफ्तार किया है। अरुण का संबंध दुबई तथा बांग्लादेश से संचालित कथित तौर पर ट्रेड एक्सपो यूएसए से जुड़ा है। जालसाजी गिरोह का सरगना दुबई, बांग्लादेश में बैठकर ठगी की दुकान संचालित कर रहा है। पुलिस ने अरुण को पूर्व में पकड़े गए राजाराम तारक, शरदचंद्र वर्मा, कमलेश साहू, यशवंत नाग की निशानदेही पर गिरफ्तार किया है।

- **पूर्व में गिरफ्तार जालसाजों की निशानदेही पर साइबर सेल ने किया अरेस्ट**

### डॉलर में रकम कन्वर्ट कर भेजते थे

पुलिस ने जालसाजी के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, वे फर्जी बैंक अकाउंट खुलवाकर रकम डॉलर में कन्वर्ट कर बांग्लादेश तथा दुबई भेजते थे। जालसाज फर्जी प्लेटफार्म में अकाउंट बनाकर लोगों को कम समय में ज्यादा मुनाफा मिलने का झांसा देकर रकम निवेश कराते थे। निवेशकों को प्लेटफार्म में जमा राशि में बढ़ोतरी दिखती थी। रकम आहरण करने के समय रकम नहीं निकलती थी।

## अंतरिक्ष की किन चीजों से लगता है सबसे ज्यादा डर?

वॉशिंगटन। हाल ही में जब नासा के वैज्ञानिकों से पूछा गया कि स्पेस की किन चीजों से उन्हें डर लगता है, तो उन्होंने ऐसी-ऐसी बातें बताईं, कि उन्हें सुनकर आप भी चौंक जाएंगे। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। जेन नाम की वैज्ञानिक ने कहा कि स्पेस में ऐसी कई खाली जगहें हैं, जहां पर तारे भी नहीं हैं। कई बार ऐसी जगहों पर तारों के बीच की दूरी इतनी ज्यादा है कि इंसान की आंखें उन्हें देख भी नहीं पाएंगी।. वहां पर सिर्फ और सिर्फ अंधकार है। अंजली त्रिपाठी नाम की एक वैज्ञानिक ने बताया कि उन्हें न्यूट्रिनोस बहुत डरावने लगते हैं। उन्होंने बताया कि ये छोटे पार्टिकल सूर्य और अन्य तारों से धरती की ओर आ रहे हैं और हमारे शरीर से होते हुए गुजर रहे हैं।



## लड़के को है अजीब बीमारी, मां-बाप के साथ खाना नहीं खा सकता

**लंदन।** मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक इंग्लैंड के लीड्स में रहने वाले ग्रेसन व्हाइटेकर नाम के लड़के को एक अजीब बीमारी है, जो उसे दूसरों के साथ बैठकर खाना खाने का सुख नहीं लेने देती। उसके माता-पिता एलेक्स और डॉन बचपन से ही उसे अकेले अपने कमरे में ज्यादातर वक्त बिताते हुए देख रहे हैं, जो उन्हें बहुत दुखी करता है। ग्रेसन ने अपनी ज़िंदगी में कभी भी तीज-त्यौहार के वक्त भी परिवार के साथ खाना नहीं खाया और उसकी इससे जुड़ी कोई यादें नहीं हैं।



वो अपने कमरे को लॉक करके बैठ जाता था, जो परिजनों को दुखी करता था। अब तो वो अपना घर छोड़कर अलग रहता है, ताकि उसे परिवार में किसी की आवाज़ नहीं सुननी पड़े।

### आखिर क्या है ये बीमारी?

ग्रेसन को जो मेडिकल कंडीशन है, उसे मिसोफोनिया कहते हैं। इसमें इंसान हर एक आवाज़ पर जज़्बाती हो जाता है। लोगों के बोलने से लेकर उसके खाने-पीने तक की आवाज़ शख्स को परेशान करने लगती है। ग्रेसन को बचपन से ही ये दिक्कत है और इसीलिए उसे स्कूल भी छोड़ देना पड़ा। वो किसी भी आवाज़ को बर्दाश्त नहीं कर सकता। फिलहाल वो अपनी पार्टनर बेथ के साथ रहता है, जो उसकी इस कंडीशन को समझती है। इसके अलावा ग्रेसन थैरेपीज़ भी ले रहा है, जिससे उसकी हालत में थोड़ा सुधार भी हुआ है।

## 47 मिलियन साल पुराने रहस्यमयी पौधे का मिला जीवाश्म



पहले के अध्ययनों से पता चला है कि बोहेड व्हेल भी 100 साल से ज्यादा जी सकती है। यह खोज बड़े जानवरों की लंबी उम्र के बारे में हालिया खोजों में शामिल हो गई है। इनकी लंबी उम्र को समझना इन लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए जरूरी है। यूटा में 47 मिलियन साल पुराने एक रहस्यमयी पौधे का जीवाश्म मिला है। यह आज के किसी भी ज्ञात पौधे से अलग है। पहले, वैज्ञानिकों ने सोचा कि यह जिनसेंग से संबंधित है, जो आइवी परिवार का एक बारहमासी पौधा है। लेकिन आगे के शोध से पता चला कि यह एक पूरी तरह से अलग, अब विलुप्त हो चुके परिवार से संबंधित है।

# रोज 3000 पक्षियों को खिलाता है ये आदमी, 15 सालों से कर रहा ये काम

**चेन्नई।** परमात्मा ने इंसानों को अगर सबसे ज्यादा विकसित जीव बनाया है, तो उसकी जिम्मेदारी है कि वो अन्य जीवों की मदद करे, जो इस दुनिया में इंसानों की ही वजह से अपने अस्तित्व को कायम रखने की समस्या से जूझ रहे हैं। पक्षियों को ही ले लीजिए, हमने जो टावर लगाए, तार लगाए, पतंग के मांझे बनाए, उसकी वजह से उनकी जान चली जाती है। इंसानों ने पक्षियों के बारे में कभी सोचा ही नहीं। हालांकि, इसी दुनिया में ऐसे भी लोग हैं, जो अपनी जान की तरह, दूसरे जीवों की भी परवाह करते हैं। तमिलनाडु के एक शख्स पक्षियों की इतनी देखभाल करते हैं, जैसे वो उनके बच्चे हों। इस आदमी को भारत का पैरेट मैन कहा जाता है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में भारत के बर्ड मैन या पैरेट मैन से जुड़ा वीडियो पोस्ट किया। शख्स का नाम सुदर्शन साह है। ये चेन्नई में रहते हैं और हर रोज 3000 तोतों को खाना खिलाते हैं। इनके घर की छत पर आपको ये हजारों तोते बैठे दिख जाएंगे।



### 4 हजार से ज्यादा जीवों के हैं पालनहार

*सिर्फ तोते ही नहीं, सुदर्शन 150 बकरियों, 50 बिल्लियों, कुत्तों और कबूतरों को भी हर रोज खाना खिलाते हैं। इस तरह वो 4 हजार से ज्यादा जीवों के पालनहार हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी महीने में 15 हजार से ज्यादा पक्षी उनकी छत पर आकर खाना खाते हैं। इसी वजह से कई सेलेब्स भी उनके घर पर आकर शूटिंग कर चुके हैं। हाल ही में रिलीज हुई अरविंद स्वामी और कार्थी की तमिल फिल्म **Meiyazhagan** में भी सुदर्शन के घर का एक सीन था।*

### दिल खोलकर करते हैं खर्च

*सुदर्शन ने वीडियो में बताया कि वो अपनी कमाई का 80 फीसदी हिस्सा जानवरों के नाम कर देते हैं। पक्षियों के लिए वो दिल खोलकर खर्च करते हैं, इस वजह से उन्होंने अपने जीवन की लग्जरी को खत्म कर दिया है। उनका बैंक बैलेंस भी कुछ खास नहीं है। उनका कहना है कि वो अपने बच्चों और आगे आने वाली पीढ़ी को जानवरों से प्यार करना सिखाना चाहते हैं। उनका मानना है कि बिना नेचर के इंसान इस धरती पर नहीं रह सकता।*

## रिक्शा चलाकर कमाता है 10 लाख

**टोक्यो।** कुछ ऐसा ही हुआ जब एक शख्स रिक्शा चलाने वाले की कमाई के बारे में बताया। लोग अपनी डिग्री के बाद जितना कमाते हैं, उतना एक रिक्शा चलाने वाला शख्स रोज़ कमा रहा है। एक सोशल मीडिया एनफ्लुएंसर ने जब ये पूरी गणित गिनवाई तो सुनकर लोगों के दिमाग की बत्ती जल गई। वैसे आप अपने यहां के रिक्शा चालकों के बारे में ये सोचें, उससे पहले हम आपको बता दें कि यहां बात जापान के रिक्शा चालकों के बारे में हो रही है। वायरल हो रहे वीडियो में एक शख्स जापान में है और एक रिक्शा चालक की कमाई के बारे में बता रहा है। वो कहता है कि 10 मिनट की राइड के लिए यहां एक रिक्शा चालक आराम से 2700 रुपए लेता है और दिन की 10 ऐसी राइड करता है। इस हिसाब से ये महीने में 7-10 लाख रुपए कमाता है, अगर वीकेंड छोड़ भी दें, तो वो 5-6 लाख तो कमा लेता है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com